■ पौष कृष्णा - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 155 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 30-12-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 राहुल गांधी 15 साल अमेठी के सांसद रहे, लेकिन विकास के लिए नहीं सोचाः ईरानी

6 चीन निर्मित पतंग के मांझे का बहिष्कार जरूरी

7 मां सलमा आगा के नशेकदम पर चलना चाहती हैं ज़हरा खान



## फर्स्ट टेक

### अयोध्या में मोदी आज रखेंगे विकास के नये युग की नींव

**अयोध्या/वार्ता।** देश दुनिया में करोड़ो रामभक्तों की आस्था के केंद्र अयोध्या में रामलला के श्रीविग्रह को भव्य मंदिर में सुशोभित किए जाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम की नगरी में शनिवार को करीब 16 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देकर विकास के एक नये युग का सूत्रपात करेंगे। मोदी अयोध्या में अपने एक दिवसीय दौरे में 15 हजार 700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। श्रीराम की नगरी से देश के विभिन्न शहरों के लिए भी सौगातों का पिटारा खुलेगा। प्रधानमंत्री देश के अलग अलग स्टेशनों से संचालित होने वाली छह वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पहले श्री मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### अमेरिकी सैन्य अंतरिक्ष विमान एक्स-37बी गुप्त मिशन पर रवाना हुआ

**वाशिंगटन/एपी।** अमेरिकी सेना का एक्स–37बी अंतरिक्ष विमान बृहस्पतिवार को एक और गुप्त मिशन के लिए रवाना हुआ। माना जा रहा है कि यह मिशन अगले कम से कम दो वर्ष तक चलेगा। पिछले कुछ मिशन की तरह ही छोटे स्पेस शटल जैसा दिखने वाला यह विमान कई खुफिया मिशन को अंजाम देगा। तकनीकी समस्याओं के कारण विमान ने निर्धारित समय से दो सप्ताह से अधिक की देरी के बाद उड़ान भरी। इसमें कोई अंतरिक्ष यात्री सवार नहीं है। स्पेसएक्स के फाल्कन हेवी रॉकेट ने इस विमान के साथ बृहस्पतिवार रात नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। अमेरिका का यह विमान 2010 से उड़ान भर रहा है और यह इसकी सातवीं उड़ान है।

### उकसाने का काम कर सकता है उत्तर कोरिया : एनआईएस

**सोल/वार्ता।** दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने कहा है कि उत्तर कोरिया 2024 की शुरुआत में में अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संसदीय चुनाव से पहले सेना को उकसाने का काम कर सकता है। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने एनआईएस के हवाले से कहा कि इस बात की बहुत संभावना है कि उत्तर कोरिया अप्रत्याशित रूप से सैन्य उकसावे को अंजाम दे सकता है या 2024 में दक्षिण कोरिया पर साइबर हमला कर सकता है। एनआईएस ने कहा कि दक्षिण कोरिया में आम चुनावों से पहले उत्तर कोरिया की ओर से ऐसी कार्रवाई का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। वर्ष 2020 में भी उत्तर कोरिया ने अप्रैल में दक्षिण कोरिया में संसदीय चुनाव से पहले केवल मार्च में ही चार छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था।

30-12-2023 सूर्यास्त 6:03 बजे | सूर्योदय 31-12-2023 6:41 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,240.26 | 21,731.40 |
| (-170.12) | (-47.30) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,571 रु. | 76,652 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### चत्वारि कालखण्ड

सतयुग से त्रेता युग तक था,
सद्मे लक्षण का कालखण्ड।
द्वापर से कलयुग आदि रहा,
हित संरक्षण का कालखण्ड।
आजादी तक का समय रहा,
शोषण भक्षण का कालखण्ड।
नब्बे के दशक बाद का है,
बस आरक्षण का कालखण्ड।।

# देश को 'मिली-जुली सरकार' की जरूरत नहीं है : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



> 'मोदी की गारंटी' चुनाव जीतने के लिए बनाया गया कोई फॉर्मूला नहीं है, बल्कि यह गरीबों का भरोसा है।

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लोगों की पसंद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है और जनता के बीच इस बात पर आम सहमति है कि देश को 'मिली–जुली सरकार' की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसी सरकारों के दौर के परिणामस्वरूप उम्मीदों को झटका लगा और दुनिया में भारत की छवि खराब हुई। 'इंडिया टुडे' पत्रिका को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' चुनाव जीतने के लिए बनाया गया कोई फॉर्मूला नहीं है, बल्कि यह गरीबों का भरोसा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज देश का हर गरीब जानता है कि मोदी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटेंगे। गरीबों का यही विश्वास मुझे भी ऊर्जा देता है...मैं इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगा।''

मोदी ने यह भी कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए 'ज्ञान' यानी जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता, एन से नारी शक्ति पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। 'वर्ष 2047 तक विकसित भारत' के लक्ष्य पर चर्चा करते हुए मोदी ने 1922–1947 की अवधि और अगले 25 वर्षों के बीच समानताएं बताईं। उन्होंने कहा, ''वर्ष 1922 से लेकर 1947 तक की अवधि में हर कोई स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देना चाहता था। मैं लोगों के बीच एक समान आशावाद देखता हूं कि जब हम आजादी के 100 साल का जश्न मनाएंगे, तब तक भारत विकसित देश बन जाएगा। यह ऊर्जा मेरी प्रेरणा शक्ति है।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम 'ज्ञान' पर ध्यान देंगे, 'ज्ञान' को सम्मान देंगे तो विकसित भारत बनेगा। 'ज्ञान' का मतलब है जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता, एन से नारीशक्ति।''

## राष्ट्रपति ने दी मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति वाले विधेयक को मंजूरी

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित एक विधेयक को अपनी स्वीकृति दे दी है। शुक्रवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023' में सीईसी या ईसी की नियुक्ति के लिहाज से चयन समिति पर विचार करने की प्रक्रिया के लिए 'सर्च कमेटी' बनाने का प्रावधान है जिसकी अध्यक्षता विधि मंत्री करेंगे।

#### विशेष अदालत ने

## चेक बाउंस मामले में कर्नाटक के मंत्री मधु बंगारप्पा को दोषी ठहराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री मधु बंगारप्पा को यहां की एक अदालत ने चेक बाउंस मामले में दोषी ठहराया है। सांसदों/विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत ने उन्हें शिकायतकर्ता, राजेश एक्सपोर्ट्स को 6.96 करोड़ रुपये की जुर्माना राशि देने और शेष 10,000 रुपये सरकार को देने का निर्देश दिया। राशि का भुगतान न करने पर मंत्री को छह माह का साधारण कारावास भुगतना होगा।



आकाश ऑडियो–वीडियो प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक के रूप में एसबी मधु चंद्रा (एस मधु बंगारप्पा) शिकायत में दूसरे आरोपी थे, जबकि आकाश ऑडियो–वीडियो कंपनी मुख्य आरोपी थी। विशेष अदालत के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट न्यायाधीश प्रीत जे ने हाल के एक फैसले में कहा, ''आरोपी संख्या 1 और 2 को 'नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट ' की धारा 138 के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है और 6,96,70,000/– रुपये का जुर्माना भरने की सजा सुनाई जाती है और जुर्माना नहीं भरे जाने पर आरोपी संख्या 2 छह महीने की अवधि के लिए कारावास से गुजरना होगा।''

## भारत ने पाकिस्तान से हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



> ■ 2008 के मुंबई आतंकी हमलों समेत ऐसे अनेक मामलों में वांछित हैं लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक हाफिज सईद

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने पाकिस्तान से 2008 के मुंबई आतंकी हमलों समेत ऐसे अनेक मामलों में वांछित लश्कर–ए–तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने को कहा है। हाफिज सईद कई आतंकी मामलों में भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा वांछित है।

भारत ने सईद के बेटे तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की खबरों पर भी गौर किया और कहा कि उस देश में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों को मुख्यधारा में आना कोई नई बात नहीं है और यह लंबे समय से उसकी राज्य नीति का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि आतंकवादी के प्रत्यर्पण के लिए कुछ दस्तावेजों के साथ पिछले दिनों इस्लामाबाद को अनुरोध भेजा गया।

बागची ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि हाल में प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध भेजा गया था। उन्होंने कहा, ''जिसका जिक्र हो रहा है, वह भारत में कई मामलों में वांछित है। उसे संयुक्त राष्ट्र ने भी आतंकवादी घोषित किया है। इस संबंध में, हमने प्रासंगिक जरूरी दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है ताकि एक खास मामले में वह मुकदमा का सामना कर सके।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग ने कुछ सप्ताह पहले अनुरोध सौंपा था।

## नीतीश ने फिर संभाली जदयू की कमान

**नई दिल्ली/वार्ता।** जनता दल यूनाइटेड (जद–यू) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया है। जद–यू की राष्ट्रीय



कार्यकारिणी की शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में हुई एक बैठक के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने इस्तीफा दे दिया। पार्टी महासचिव के. सी. त्यागी ने संवाददाताओं को बताया कि नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से जद–यू का अध्यक्ष चुन लिया गया है। इस बीच नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद स्वीकार कर लिया है। इससे पहले नीतीश कुमार ने वर्ष 2016 में श्री शरद यादव को हटाकर पार्टी की कमान अपने हाथों में ली थी।

## उल्फा, केन्द्र और असम सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** असम में शांति स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में राज्य के सबसे पुराने विद्रोही संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) ने शुक्रवार को यहां केन्द्र तथा असम सरकार के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस मौके पर उपस्थित थे। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद श्री शाह ने कहा कि कि यह असम के भविष्य के लिए सुनहरा दिन है । उन्होंने कहा कि लंबे समय से असम और पूर्वोत्तर ने हिंसा को झेला है लेकिन मोदी सरकार के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद से ही पूर्वोत्तर के साथ हर विषय पर दिल खोलकर बातचीत की गयी है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उग्रवाद और हिंसा मुक्त पूर्वोत्तर की दिशा में काम करता आ रहा है। इस दौरान पूर्वोत्तर के अलग अलग राज्यों में केन्द्र ने नौ शांति तथा अन्य समझौते किये हैं। इससे पूर्वोत्तर के बड़े हिस्से में शांति की स्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विद्रोही गुटों के नौ हजार से भी अधिक कैडरों ने इन समझौतों के माध्यम से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा के साथ चलने का निर्णय लिया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केन्द्र , असम और उल्फा के बीच आज त्रिपक्षीय समझौता हुआ है इससे शांति स्थापना की दिशा में बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत उल्फा ने अपने कैडरों से हथियार और शिविरों को छोड़कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि उल्फा के लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के दौरान गुट के दस हजार कैडर मारे गये हैं।


## भाजपा और संघ डरपोक हैं : खरगे

**नई दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) को डरपोक बताते हुए कहा है कि डर के मारे ही उन्होंने अंग्रेजों का साथ दिया और अब पिछले 10 वर्ष से उनकी सरकार देश के लोगों को तंग कर रही है। खरगे ने कहा कि देश में डर का माहौल पैदा किया गया है और यह माहौल उन लोगों ने पैदा किया है जो खुद डर के कारण अंग्रेजों के साथ मिलकर काम करते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा–आरएसएस देश को बर्बादी की तरफ ले जा रहे हैं इसलिए इनसे मुक्ति जरूरी है।



## रूस ने यूक्रेन पर सबसे बड़े हमले में 122 मिसाइल दागीं, 36 ड्रोन से बमबारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कीव/एपी।** यूक्रेन के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि रूस ने सबसे भीषण हमले में यूक्रेनी ठिकानों पर 122 मिसाइल दागीं और 36 ड्रोन से बमबारी की जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।

वायुसेना के एक अधिकारी ने कहा कि यह 22 महीने से जारी युद्ध में सबसे बड़ा हवाई हमला है।

यूक्रेन के सेना प्रमुख वलेरी ज़लुज़नी ने कहा कि यूक्रेनी वायुसेना ने रातभर में 87 मिसाइलों और 27 शाहेद ड्रोन को मार गिराया।

वायुसेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर लिखा, यह फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण स्तर का युद्ध शुरू किए जाने के बाद से सबसे बड़ा हवाई हमला है। अधिकारियों ने कहा कि बृहस्पतिवार से शुरू हुए इस हमले में एक प्रसूति अस्पताल, अपार्टमेंट ब्लॉक और कई स्कूल नष्ट हो गए। उन्होंने कहा कि लगभग 18 घंटे तक जारी रहे हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और कई लोग मलबे में दब गए तथा दर्जनों अन्य घायल हुए हैं।

## मशरूम में कोविड से निपटने की क्षमता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

> ■ केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि मशरूम और उसके तत्वों में कोविड का मुकाबला करने की क्षमता है। ये तत्व प्राकृतिक संक्रमण-निरोधी, विषाणु-निरोधी, प्रज्वलन-रोधी और रक्त-जमाव निरोधक हैं।

नई दिल्ली 29 दिसंबर ( वार्ता)सरलता से प्राप्त खाद्य मशरूम में कोविड –19 और अन्य इंफ्लूएंजा संक्रमण से बचाव करने की क्षमता है।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि मशरूम और उसके तत्वों में कोविड का मुकाबला करने की क्षमता है। ये तत्व प्राकृतिक संक्रमण–निरोधी, विषाणु–निरोधी, प्रज्वलन–रोधी और रक्त–जमाव निरोधक हैं।

मंत्रालय ने बताया कि मशरूम भोजन का एक लोकप्रिय स्रोत है। मशरूम की बढ़ती लोकप्रियता ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान आईएएसएसटी के शोधकर्ताओं को कोविड–19 और अन्य विषाणु संक्रमणों के खिलाफ जटिलताओं को कम करने के लिए खाद्य मशरूम और मशरूम से प्राप्त प्राकृतिक यौगिकों के महत्व का गंभीर विश्लेषण करने के लिए प्रेरित किया।

विश्लेषण में वैज्ञानिकों ने सार्स–सीओवी–2 संक्रमण और इसके संक्रमण से जुड़े पैथोफिज़ियोलॉजी, जैसे फेफड़ों के संक्रमण, सूजन, साइटोकिन स्टॉर्म तथा थ्रोम्बोटिक और कार्डियोवैस्कुलर प्रभावों को रोकने में 13 विभिन्न मशरूम से प्राप्त जैव–सक्रिय यौगिकों की भूमिकाओं एवं इनकी क्रिया विधि का आकलन किया है।

अध्ययन में कहा गया है कि मशरूम में जैव–सक्रिय पॉलीसेकेराइड और इम्यूनोमॉड्यूलेटिंग, विषाणु–निरोधी, जीवाणुनिरोधी, कवक–निरोधी और अन्य औषधीय गुणों वाले यौगिक होते हैं। इस अध्ययन में यह भी कहा गया है कि मशरूम आधारित दवाओं का मानव परीक्षण किया जा रहा है, जिसमें सार्स–सीओवी–2 के खिलाफ आशाजनक परिणाम सामने आए हैं।

विषाणु संक्रमण के खिलाफ खाद्य मशरूम का उपयोग करने के मुख्य लाभ बिना किसी दुष्प्रभाव के न्यूट्रास्युटिकल सप्लीमेंट के रूप में इस्तेमाल किये जा सकते हैं और ये शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में भी काम आ सकते हैं।



## लद्दाख में सड़क परियोजनाओं के लिए 1,170 करोड़ रुपए स्वीकृत: नितिन गडकरी



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में 29 सड़क परियोजनाओं के लिए 1,170.16 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार ने लद्दाख में राजकीय राजमार्ग और अन्य प्रमुख सड़कों से संबंधित 29 परियोजनाओं के लिए 1,170.16 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इसके साथ ही केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) योजना के अंतर्गत आठ पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपए भी स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन स्वीकृत परियोजनाओं से क्षेत्रफल के लिहाज से सबसे बड़े और दूसरे सबसे कम जनसंख्या वाले केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के दूरदराज वाले गांवों तक बेहतर पहुंच हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क में सुधार होने से खासकर कृषि और पर्यटन क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



## जनता के मन में भय पैदा करने वाली सत्ता को उखाड़ फेंकना चाहिए: उद्धव ठाकरे

**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि जनता में भय पैदा करने वाली सत्ता को हटा देना चाहिए और वह ऐसा करके रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा, अगर आप (नागरिक) सत्ता से डरते हैं, यह किसी काम की नहीं है। ऐसी सत्ता जो जनता में भय पैदा करे उसे हटा देना चाहिए। दूसरा कोई रास्ता नहीं है। मैं यह दृढ़ निश्चय लेकर आपके सामने खड़ा हूं। ठाकरे ने कहा, आम नागरिकों को खुद को सत्ता के करीब महसूस करना चाहिए। वह सत्ता जो भय पैदा करे उसे हटा देना चाहिए और हम सभी इसके लिए काम कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाला साल खुशियों व आशाओं भरा होगा और लोकतंत्र फलेगा-फूलेगा।

## स्वास्थ्य अभियान में पांच करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत खाते खोले गए: सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** आयुष्मान भव अभियान के दौरान 4.4 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इस कार्ड के तहत प्रत्येक परिवार सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि जारी अभियान के तहत पांच करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) भी सृजित किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह 28 दिसंबर तक का आंकड़ा है। फिलहाल जारी आयुष्मान भव अभियान के तहत 28 दिसंबर तक 13.8 लाख स्वास्थ्य मेलों के तहत आयोजित आयुष्मान आरोग्य मंदिर मेलों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेलों में 11 करोड़ से अधिक लोगों शिरकत की। इन मेलों में 9,21,783 स्वास्थ्य संबंधी, योग, ध्यान के साथ 1.02 करोड़ टेली परामर्श शामिल थे। इसके अलावा लगभग 6.4 करोड़ लोगों को निःशुल्क दवाएं दी गईं और 5.1 करोड़ लोगों को निःशुल्क निदान सेवाएं प्रदान की गईं।

## निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए आठ करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल

**नई दिल्ली/भाषा।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि कर निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए अब तक आठ करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा किए जा चुके हैं। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में कहा, आयकर विभाग के लिए अनूठा मील का पत्थर! निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए अब तक आठ करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए गए हैं। इससे पहले कर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए करदाताओं ने कुल 7,51,60,817 आईटीआर जमा किए थे।

# भारत बचतकर्ताओं के बजाय निवेशकों के देश के रूप में बदला: उदय कोटक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिग्गज बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) उदय कोटक ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब बचतकर्ताओं के बजाय निवेशकों का देश बन गया है और अधिक लोग अपना अधिशेष धन म्यूचुअल फंड एवं शेयर बाजार में लगाने लगे हैं।

कोटक ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय बचतकर्ताओं को 1980 के दशक की शुरुआत में सोने और जमीन की तुलना में वित्तीय परिसंपत्तियों पर कम भरोसा होता था। धीरे-धीरे बचतकर्ताओं ने कुछ हिस्सा बैंक जमा, यूटीआई और एलआईसी में स्थानांतरित करना शुरू किया।

उन्होंने कहा कि 1990 के दशक में भी शेयर बाजार में निवेश को एक तरह का सट्टा ही माना जाता था। कोटक ने कहा,



ऐसी स्थिति में कंपनियां पूंजी निवेश के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास गईं।

एफआईआई ने यहां पर संभावनाएं देखीं और कंपनियों में खरीदारी की लेकिन भारतीय बचतकर्ता इनसे दूर ही रहे। उन्होंने कहा कि कंपनियों ने कम-चर्चित लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के जरिये पूंजी जुटाई थी। इस तरह भारत का पूंजी बाजार निर्यात किया जा रहा था। वरिष्ठ बैंकर ने कहा, हममें से कुछ लोगों ने बाजार नियामक सेबी के समक्ष इस घटना पर प्रकाश डाला। इससे 2000 के दशक की शुरुआत में निजी आवंटन बाज़ार (क्यूआईपी) की शुरुआत हुई। इसलिए एफआईआई भारतीय बाजारों में भी खरीदारी कर सकते हैं।

वैश्विक वित्तीय संकट के बाद बाज़ारों में भारतीय बचतकर्ताओं की रुचि बढ़ी। उन्होंने कहा कि वह बचतकर्ता अब निवेश का आनंद ले रहा है। इसकी वजह यह है कि म्यूचुअल फंड मंच, नकद इक्विटी और डेरिवेटिव बाजार, बीमा कोष, भारत में वैश्विक निजी इक्विटी, एआईएफ जैसे अन्य मंच और इक्विटी के लिए कम कर व्यवस्था, सभी ने एक बचतकर्ता को निवेशक के रूप में बदल दिया है। कोटक ने कहा कि इस बदलाव से भारत बचतकर्ताओं के देश से निवेशकों के देश में तब्दील हो गया है। इस समय बचतकर्ता/ उधारकर्ता और जारीकर्ता/ निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही है।

## इंदौर हवाई अड्डे पर अब ई-वीजा भी स्वीकार किया जाएगा

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के देवी अहिल्याबाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अब कागजी वीजा के साथ-साथ ई-वीजा भी स्वीकार किया जाएगा। सरकार ने मध्य भारत के इस व्यस्त हवाई अड्डे पर ई-वीजा स्वीकार किए जाने की यात्रियों की चार साल पुरानी मांग मंजूर कर लिया है।

इंदौर के लोकसभा सांसद शंकर लालवानी ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि देवी अहिल्याबाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ई-वीजा स्वीकार किए जाने को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि पहले स्थानीय हवाई अड्डे पर ई-वीजा को स्वीकार किए जाने की व्यवस्था नहीं होने से विदेश से आने वाले यात्रियों को हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाती थी। लालवानी ने यह भी बताया कि यहां हवाई अड्डे पर प्रवेश के समय यात्रियों को आने वाले दिनों में ''डिजी यात्रा'' की सुविधा मिलेगी जिससे उन्हें विमान में सवार होने में कम वक्त लगेगा।

''डिजी यात्रा'' सुविधा चेहरा पहचानने की तकनीक (एफआरटी) के जरिए हवाई अड्डों के अलग-अलग जांच बिंदुओं पर यात्रियों की संपर्करहित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करती है।

## कोहरे से उड़ान संचालन पर पड़ने वाले असर से निपटने के लिए कदम उठाए जा रहे: सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले कुछ दिनों से घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन बाधित होने के बीच शुक्रवार को कहा कि मंत्रालय हवाई अड्डे और विमानन कंपनियों के साथ समन्वय कर रहा है और इस समस्या से निपटने के लिए कदम उठा रहा है। मंत्री ने साक्षात्कार के दौरान कोहरे की समस्या को ''अस्थाई'' करार देते हुए कहा कि इस साल घने कोहरे के मामले में स्थिति थोड़ी अप्रत्याशित रही है।

घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर कई उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है और कई उड़ानों के संचालन में देरी हुई है। सिंधिया ने कहा, कोहरे की समस्या एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम हर साल 15-20 दिन करते हैं... इस साल, पिछले तीन या चार दिन से अप्रत्याशित कोहरा रहा है। हम यह सुनिश्चित करने के



लिए सभी विमानन कंपनियों के साथ समन्वय कर रहे हैं कि उनके पास कोहरे के दौरान श्रेणी-द्वितीय और श्रेणी-तृतीय प्रशिक्षित पायलट हों, जिससे भीड़ कम हो। द्वितीय श्रेणी और तृतीय श्रेणी अनिवार्यता कम दृश्यता की स्थिति में उड़ानों के संचालन से संबंधित है। नागर विमानन मंत्रालय दैनिक आधार पर कोहरे की स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस हवाई अड्डे पर विमान को उतारना होता है, वहां भीड़ की निगरानी करने समेत कई कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि अगर कोई सीधा मार्ग नहीं हो, तो उड़ान भरने की अनुमति न दी जाए, क्योंकि इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भीड़भाड़ न हो।



## हुंदै मोटर्स इंडिया ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को ब्रांड एम्बेसडर बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** वाहन विनिर्माता कंपनी हुंदै मोटर इंडिया ने बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है।

कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा, उनके जुड़ने से एक 'स्टार' की ताकत का एहसास होता है, जो स्टाइल, प्रदर्शन और एक अद्वितीय अनुभव के प्रति हुंदै की प्रतिबद्धता दिखाता है।

हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा, हम प्रतिभाशाली, वैश्विक भारतीय शख्सियत दीपिका पादुकोण को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करके रोमांचित हैं।

इस घोषणा पर पादुकोण ने कहा, वाहन उद्योग में नवाचार और उत्कृष्टता का पर्याय बन चुकी हुंदै के साथ जुड़कर मुझे बेहद खुशी हो रही है।

## झांकी पर अपनी और केजरीवाल की तस्वीर दिखाने के भाजपा के दावों को मान ने किया खारिज



**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य की झांकी का इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत प्रचार के लिए करने का आरोप लगने के एक दिन बाद शुक्रवार को चुनौती दी कि यदि भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ यह आरोप साबित कर देते हैं, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। मान ने जाखड़ के इस दावे को झूठ बताकर खारिज कर दिया कि उनकी सरकार चाहती है कि गणतंत्र दिवस परेड की झांकी पर मान और अरविंद केजरीवाल के फोटो लगे हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जाखड़ ने जब यहां बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में ये आरोप लगाए तो वह ऐसे हकला रहे थे जैसे कोई झूठा हकलाता है। मान ने कहा कि हालांकि, वह जाखड़ के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हैं, जो हाल में भाजपा में शामिल हुए हैं और उन्हें उन्हें दी गई पटकथा पढ़नी होगी। जाखड़ ने मान पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए राज्य की झांकी के राजनीतिकरण का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी सरकार ने जोर देकर कहा था कि झांकी में उनकी और अरविंद केजरीवाल की तस्वीरें थीं और यही एक कारण था कि इसे गणतंत्र दिवस की परेड से बाहर कर दिया गया। जाखड़ ने कहा, आप सरकार इस बात पर अड़ी थी कि इस पर केजरीवाल और भगवंत मान की तस्वीरें होनी चाहिए, जिसकी प्रोटोकॉल के मुताबिक अनुमति नहीं है।



# गोवा के तटों पर नववर्ष का जश्न मनाने के लिए उमड़े पर्यटक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पणजी/भाषा।** नववर्ष का जश्न मनाने के लिए गोवा सबसे पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरता हुआ प्रतीत होता है। साल के आखिरी दिनों और सप्ताहांत की छुट्टियों पर बड़ी संख्या में पर्यटक गोवा के तटों और होटलों में उमड़ पड़े हैं।

उत्तरी गोवा के कालान्गुते, चांडोलीम, बागा और वगाटर के तटों की ओर जाने वाली सड़कों पर 25 दिसंबर से भारी जाम देखने को मिल रहा है।

राज्य पर्यटन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सीजन होटलों के 90 फीसदी से ज्यादा कमरे भर चुके हैं और 31 दिसंबर तक सभी होटल पर्यटकों से पूरी तरह से भर जाएंगे। उन्होंने कहा कि नववर्ष की पूर्व संध्या के लिए गोवा हमेशा से लोगों की एक पसंदीदा जगह रही है।

पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए गोवा पुलिस ने तटों पर पार्टियों में मादक पदार्थों की बिक्री और उनके सेवन की जांच करने के लिए स्थानीय पुलिस, अपराध शाखा और फोरेंसिक विशेषज्ञों की विशेष टीम गठित किए हैं।

पुलिस अधीक्षक (उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि ये टीम मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन पर नकेल कसने के लिए नवीनतम उपकरणों के साथ तटीय क्षेत्र में सख्ती से जांच कर रही हैं।

इस साल दूसरी बार गोवा घूमने पहुंचे बेंगलुरु के प्रगट कुमार सिंह ने कहा, जब नए साल के जश्न की बात होती है तो गोवा सूची में सबसे ऊपर होता है। हम यहां अपने सबसे अच्छे दिन बिताना चाहते हैं।

## तेलंगाना में साइबर अपराध में वृद्धि के चलते 2023 में समूची अपराध दर में 9% बढ़ोतरी: डीजीपी

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में मुख्य रूप से साइबर अपराध में 17.6% की वृद्धि के चलते 2023 में समूची अपराध दर में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9% की बढ़ोतरी हुई है, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रवि गुप्ता ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हाल में विधानसभा चुनाव के चलते पुलिस की व्यस्तताओं के बावजूद 2023 पिछले वर्ष की तुलना में घटना-मुक्त रहा। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मौजूदा वर्ष के दौरान पुलिस ने कुल 2.13 लाख मामले दर्ज किए जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.97% अधिक हैं। 2023 में साइबर अपराध के 16,339 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल 13,895 रहे थे, लिहाजा तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो इनमें 17.59% की वृद्धि हुई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस वर्ष के दौरान, खोई हुई कुल संपत्ति का मूल्य 151.78 करोड़ रुपए रहा, जिसमें से 80.81 करोड़ रुपए (53.82 प्रतिशत) का सामान बरामद किया गया।

## इंस्टाग्राम पर गृह मंत्री अमित शाह के 'फॉलोअर्स' की संख्या एक करोड़ से अधिक हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'फॉलोअर्स' की संख्या एक करोड़ से अधिक हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों का कहना है कि संसद में कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने के बाद उनके 'फॉलोअर्स' की संख्या भारी वृद्धि हुई है।

पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार कहे जाने वाले शाह के सोशल मीडिया 'एक्स' पर 3.41 करोड़, इंस्टाग्राम' पर 1.07 करोड़ और 'फेसबुक' पर 1.5 करोड़ फॉलोअर्स हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद अमित शाह ही ऐसे नेता हैं, सोशल मीडिया पर जिनके सबसे अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, विपक्षी नेता के रूप में सबसे अधिक दिखाई देने वाले राहुल गांधी के 'फेसबुक' पर 68 लाख, इंस्टाग्राम'



पर 51 लाख और 'एक्स' पर 2.47 करोड़ फॉलोअर्स हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि 2014 में शाह के भाजपा अध्यक्ष बनने और इसके बाद लोकसभा चुनाव में भारी जीत के बाद उनके फॉलोअर्स की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा कि उनके भाजपा अध्यक्ष रहते हुए पार्टी ने 2019 में भी भारी बहुमत के साथ जीत हासिल की।

शाह वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के मंत्रिमंडल में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री के रूप में शामिल हुए और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने सहित सरकार के कुछ सबसे प्रमुख तथा सैद्धांतिक कदम उठाने में उनका अहम योगदान रहा।

## इजराइली दूतावास के निकट विस्फोट: दिल्ली पुलिस को साजिश के 'महत्वपूर्ण सुराग' मिले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित इजराइल के दूतावास के निकट हुए विस्फोट की तीन दिन की जांच के बाद, दिल्ली पुलिस को साजिश के ''महत्वपूर्ण सुराग'' मिले हैं और वह अब एक प्राथमिकी दर्ज करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस को राजदूत को धमकी देने की साजिश की ओर संकेत करते हुए ''अहम सुराग'' मिले हैं।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी उन आरोपों पर विचार कर रहे हैं जिनके तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारी यह भी विश्लेषण कर रहे हैं कि क्या जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपी जा सकती है। मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने विस्फोट स्थल के आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की है और एक संदिग्ध को देखा है जो ऑटो-रिक्शा में जामिया नगर से आया था। सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने कई ऑटो-रिक्शा चालकों से पूछताछ की, जिसमें वह चालक भी शामिल है जो 26 दिसंबर को विस्फोट होने से पहले उस संदिग्ध को मौके पर लाया था।

## राजकोषीय घाटा नवंबर में पूरे साल के लक्ष्य का 50.7 प्रतिशत रहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार का राजकोषीय घाटा नवंबर के अंत में 9.06 लाख करोड़ रुपए रहा जो समूचे वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 50.7 प्रतिशत है। शुक्रवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में 9,06,584 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल इसी अवधि में घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 58.9 प्रतिशत था।

सरकार के व्यय और राजस्व के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहते हैं।

सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 17.86 लाख करोड़ रुपए यानी जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

भारत सरकार की नवंबर 2023 तक कुल प्राप्तियां 17.4 लाख करोड़ रुपए रहीं जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 64.3 प्रतिशत है। प्राप्तियों में 14.35 लाख करोड़ रुपए कर राजस्व (शुद्ध) के रूप में, 2.84 लाख करोड़ रुपए गैर-कर राजस्व के रूप में और 25,463 करोड़ रुपए गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों के रूप में हैं।

गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों में ऋण की वसूली और विविध पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

सीजीए आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-नवंबर 2023 में केंद्र सरकार का कुल व्यय 26.52 लाख करोड़ रुपए (2023-24 के बजट अनुमान का 58.9 प्रतिशत) था। कुल व्यय में से 20.66 लाख करोड़ रुपए राजस्व खाते और 5.85 लाख करोड़ रुपए पूंजी खाते में थे।

सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखा हुआ है।

# बाजार 2023 में करीब 20 प्रतिशत चढ़ा, साल के अंतिम कारोबारी दिन मुनाफावसूली का जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में 2023 के दौरान करीब 20 प्रतिशत की तेजी रही। हालांकि साल के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को निवेशकों ने मुनाफा वसूली पर जोर दिया और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबारियों ने कहा कि पिछले पांच कारोबारी सत्रों में तेजी रहने के बाद शुक्रवार को ऊर्जा, बैंकिंग और आईटी शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 170.12 अंक यानी 0.23 प्रतिशत गिरकर 72,240.26 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 327.74 अंक गिरकर 72,082.64 तक आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 47.30 अंक यानी 0.22% की गिरावट के साथ 21,731.40 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 101.8 अंक तक फिसलकर 21,676.90 पर खिसक आया था। पूरे साल की बात करें तो 2023 में सेंसेक्स में कुल 11,399.52 अंक यानी 18.73% की बड़ी उछाल देखी गई। दूसरी ओर निफ्टी में 3,626.1 अंक यानी 20% की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। साल के अंतिम कारोबारी सत्र में सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से अधिकांश नुकसान में रहीं। भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, टाइटन, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक महिंद्रा बैंक गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट में बढ़त हुई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, साल के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में हल्की मुनाफावसूली हुई। ब्याज दरों में कटौती और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के कारण अगले साल की शुरुआत में बाजार का उत्साह जारी रहने की उम्मीद है। दूसरी ओर तेल की कीमतों में इस साल 10% की गिरावट हुई, जिससे मुद्रास्फीति का दबाव कम हो सकता है। मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों पर छोटी से मध्यम अवधि में पूर्वानुमान नरमी का है, लेकिन बड़े शेयर मजबूत आय वृद्धि और प्रीमियम मूल्यांकन जारी रहने की उम्मीद में तेजी बनाए रखेंगे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की नुकसान में रहा, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। दक्षिण कोरिया में बाजार बंद रहे। यूरोपीय बाजार तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजार मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए।

# भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा कि यतनाल के खिलाफ कार्रवाई करनी है या नहीं : प्रह्लाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दावणगेरे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय नेतृत्व यह तय करेगा कि पार्टी के वरिष्ठ विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के खिलाफ कार्रवाई की जाए या नहीं। यतनाल भाजपा की कर्नाटक इकाई के नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी करने के अलावा कई आरोप लगाते रहे हैं।

प्रल्हाद जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अपने मुद्दे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा अथवा अन्य केंद्रीय नेताओं के समक्ष उठाने तथा अपनी चिंताओं को सार्वजनिक या मीडिया के सामने व्यक्त नहीं करने का भी आग्रह किया। यतनाल के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के बारे में सवाल पूछे जाने पर जोशी ने कहा, वह (यतनाल) एक मौजूदा विधायक हैं, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय इकाई इस पर फैसला करेगी कि उन्हें बुलाकर बात करनी है या



उनके खिलाफ कार्रवाई करनी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री यतनाल को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा का प्रमुख प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। यतनाल पिछले कुछ समय से येदियुरप्पा और उनके बेटे बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ सार्वजनिक रूप से आरोप लगा रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने विजयेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने के पार्टी के फैसले की भी खुलकर आलोचना की थी।

यतनाल ने हाल ही में आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के नेतृत्व में पिछली भाजपा सरकार के दौरान कोविड-19 के समय 40,000 करोड़ रुपये की धनराशि का दुरुपयोग किया गया था। भाजपा के एक वर्ग के नेता यतनाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति को लेकर येदियुरप्पा खेमे का पलड़ा भारी है, क्योंकि उनके विश्वासपात्रों को नियुक्त किया गया है, जोशी ने इस सवाल के जवाब में कहा, पार्टी में हर कोई भाजपा का है और ऐसा कुछ नहीं है-कोई किसी का करीबी है, कोई किसी का नहीं। केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा, यदि किसी को कोई समस्या या चिंता है तो वह इसे प्रदेश अध्यक्ष के संज्ञान में ला सकता है और यदि इसे प्रदेश अध्यक्ष के साथ साझा नहीं किया जा सकता है, तो इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ चर्चा की जा सकती है। इसके बजाय खुलेआम बयानबाजी करना पार्टी के लिए अच्छा नहीं होगा। मैं सार्वजनिक बयान देने वाले सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि अगर वे पार्टी के हित में सोचते हैं, तो खुले तौर पर बयान देना बंद करें, ये सही नहीं है।

जोशी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक युवा को प्रदेश अध्यक्ष (विजयेन्द्र) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य नेताओं के परामर्श से की थी और यह पार्टी की केंद्रीय इकाई का निर्णय है।

## उद्घाटन




पूर्व लोकायुक्त न्यायमूर्ति एन संतोष हेगड़े ने शुक्रवार को बेंगलूरु में जया कर्नाटक द्वारा कुवेम्पु के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित विश्वमानव दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए।

# कन्नड़ कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी से दुखी हूं : बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि बर्बरता और हिंसा के सिलसिले में 'कन्नड़ रक्षण वेदिके' प्रमुख टी.ए. नारायण गौड़ा और अन्य की गिरफ्तारी के बाद उन्हें 'दुख' पहुंचा है। 27 दिसंबर को स्थानीय भाषा को प्रमुखता देने की मांग के साथ कई व्यावसायिक दुकानों के अंग्रेजी पोस्टर फाड़ दिए गए।

कवि, नाटककार और उपन्यासकार कुवेम्पु की जयंती के अवसर पर पुनर्निर्मित राष्ट्रकवि कुवेम्पु सभागार के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पूर्व सीएम ने



कहा, समय की जरूरत है कि उन कार्यकर्ताओं का समर्थन करें। बोम्मई ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने कन्नड़ कार्यकर्ताओं के खिलाफ दायर 2,000 से ज्यादा मामलों को वापस लेने का आदेश दिया था।

मौजूदा स्थिति का कारण साइनबोर्ड पर कन्नड़ भाषा पर कोई सख्त नियम नहीं होना है। हमारी (पिछली) सरकार कन्नड़ के लिए एक विधेयक लेकर आई। यह दुख की बात है कि आजादी के 75 साल बाद भी उन्हें कर्नाटक में कन्नड़ को अनिवार्य रूप से लागू करने के लिए कानून लागू करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, कन्नड़ कार्यकर्ता नियम को लागू न करने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं... और जहां साइनबोर्ड पर कन्नड़ भाषा प्रदर्शित होती है, वहां आंदोलन नहीं किया गया। उन जगहों पर विरोध प्रदर्शन हो रहा है, जहां नियम लागू नहीं किए गए हैं।

बोम्मई ने कहा कि कन्नड़ साहित्य परिषद ने कन्नड़ भाषा के अस्तित्व के लिए बहुत प्रयास किए हैं। भाजपा नेता ने कहा, अगर कन्नडिगा चाहते हैं कि कन्नड़ भाषा हमेशा प्रासंगिक बनी रहे, तो उन्हें जागृत होना होगा। इस बीच, कुवेम्पु को विश्वमानव बताते हुए बोम्मई ने कहा कि कुवेम्पु का व्यक्तित्व अलग था और उन्हें युग पुरुष कहा जा सकता है।

# पीओके के शारदा मंदिर पर 'पाक सेना का कब्जा'; समिति ने जीर्णोद्धार के लिए सरकार से मांगी मदद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'सेव शारदा कमेटी' (एसएससी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित शारदा मंदिर परिसर पर पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए भारत सरकार से मदद मांगी ताकि इसके जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त हो सके। एसएससी के संस्थापक रवींद्र पंडिता ने बेंगलूरु प्रेस क्लब में एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सेना ने जीर्ण-शीर्ण प्राचीन शारदा मंदिर परिसर पर अतिक्रमण कर लिया है और समिति के पक्ष में अदालत के आदेश के बावजूद वहां एक 'कॉफी होम' खोल दिया है।

पंडिता ने कहा, सेव शारदा कमेटी अनुरोध करती है कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तानी सेना द्वारा हाल ही में शारदा पीठ परिसर में कॉफी होम बनाकर किए गए अतिक्रमण को हटाने का मुद्दा उठाएं। उन्होंने कहा, ऐसा तब है जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के उच्चतम न्यायालय ने अतिक्रमण रोकने के 'सेव शारदा कमेटी' के प्रतिनिधि के अनुरोध पर तीन जनवरी, 2023 को उसके पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया।पंडिता ने कहा कि पीओके के नागरिक समाज ने भी सुरक्षा दीवार को हुए नुकसान और अतिक्रमण के बारे में एसएससी के साथ मिलकर आवाज उठाई है। उन्होंने मांग की कि श्रद्धालुओं के तीर्थयात्रा पर जाने के लिए शारदा पीठ को फिर से खोला जाए। पंडिता ने कहा, अगर पाकिस्तानी अधिकारियों और उसकी सेना ने कॉफी होम को नहीं हटाया तो हम नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक मार्च करने और इसे पार करने का आह्वान करेंगे। सभी शारदा समर्थकों को निकट भविष्य में इस मार्च के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने शारदा पीठ को यूनेस्को धरोहर स्थल घोषित किए जाने का भी आह्वान किया। एसएससी संस्थापक ने संवाददाताओं से कहा कि तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को टीटवाल में नवनिर्मित शारदा मंदिर और एक सिख गुरुद्वारे के बारे में पूरी जानकारी एवं यात्रा मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से एक वेबसाइट शुरू की गई है। 1947 में जिस स्थान पर शारदा मंदिर और गुरुद्वारा था उसी स्थान पर दोबारा से दोनों धार्मिक ढांचे बनाए गए हैं। मंदिर और गुरुद्वारे को कबाइलियों ने हमले के दौरान आग के हवाले कर दिया गया था। कश्मीर के टीटवाल में नवनिर्मित शारदा मंदिर का उद्घाटन 22 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। यह मंदिर कर्नाटक स्थित दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी मठ द्वारा समर्थित है।



# पीएम मोदी की 'सुनामी' को कोई नहीं रोक सकता : तेजस्वी सूर्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। भाजपा सांसद और भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'सुनामी' को कोई नहीं रोक सकता। कलबुर्गी हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए सूर्या ने कहा कि मोदी लहर पूरे देश में मौजूद है। पीएम मोदी के शासन में देश की जनता सपने देख पा रही है। उन्होंने कहा, ''इस बार बीजेपी कर्नाटक में 25 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। राज्य में मोदी की सुनामी को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने रेखांकित किया कि कोई भी दीवार या बांध इस सुनामी को नहीं रोक सकता।''

कांग्रेस के मंत्रियों के संसदीय चुनाव लड़ने से पीछे हटने पर टिप्पणी करते हुए सांसद सूर्या ने कहा कि मोदी सुनामी के तहत कोई भी मंत्री चुनाव नहीं जीत पाएगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के मंत्री डरे हुए हैं और इसीलिए वे लोकसभा चुनाव लड़ने से डरते हैं।

# अपमानजनक टिप्पणी मामले में आरएसएस नेता के विरुद्ध जबरन कार्रवाई पर अदालती रोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को 24 दिसंबर को श्रीरंगपटना में अपने भाषण में मुस्लिम महिलाओं के प्रति कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणियां करने को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता कल्लाडका प्रभाकर भट के खिलाफ जबरन कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजेश राय की अवकाशकालीन पीठ ने बृहस्पतिवार को भट की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया तथा राज्य के सरकारी वकील को सुनवाई की अगली तारीख तक भट के खिलाफ जबरन कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। इसलिए इस मामले में तब तक भट की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी।

भट के वकील अरूण श्याम ने अदालत में कहा कि यह मामला राजनीति से प्रेरित है और आरएसएस नेता ने केवल ऐसे तथ्य रखे हैं जिसे भाषण के अधिकार के तहत सुरक्षा प्राप्त है। सामाजिक कार्यकर्ता नजमा नजीर ने शिकायत दर्ज की थी तथा पुलिस ने धारा 354 ( महिला का शील भंग करने की मंशा से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 294 (सार्वजनिक स्थान पर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल), 509 ( महिला का शील भंग करने करने इरादे से बोले गये शब्द या भाव-भंगिमा) 153 ए( धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाने) समेत भादंसं की विभिन्न संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

इस बीच, मांड्या के तृतीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने श्रीरंगपटना मामले में भट को जमानत दे दी । भट ने इस मामले में जमानत के लिए अपने स्वास्थ्य की स्थिति का हवाला दिया था। भट की पांच अप्रैल, 2022 को हृदय की सर्जरी हुई थी सत्र अदालत ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व के फैसले का हवाला देते हुए भट को अग्रिम जमानत दे दी और कहा , इसलिए , याचिकाकर्ता की इस दलील में दम है कि वह गंभीर हृदय स्वास्थ्य परेशानियां से ग्रस्त है।

भट को दो लाख रुपये का निजी बांड तथा उतने का ही मुचलका भरने का निर्देश दिया गया। लेकिन सत्र अदालत ने स्पष्ट किया कि, जांचकर्ता सीआरपीसी की संबंधित धाराओं के तहत उससे पूछताछ के लिए स्वतंत्र है।



# विजयकांत लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे : रजनीकांत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु में हजारों की संख्या में प्रशंसक, मशहूर हस्तियां और राजनेता यहां मरीना बीच के पास आईलैंड ग्राउंड में अपने पसंदीदा अभिनेता और नेता 'कैप्टन' विजयकांत को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे।

कन्याकुमारी से चेन्नई पहुंचे सुपरस्टार रजनीकांत ने दिवंगत अभिनेता को पुष्पांजलि अर्पित की। भावुक रजनीकांत ने कहा कि इस दुनिया में करोड़ों पुरुष और महिलाएं जीते हैं और मर जाते हैं, लेकिन विजयकांत जैसे कुछ ही लोग दूसरों के दिलों में हमेशा जीवित रहते हैं।

उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि विजयकांत को गुस्सा तो बहुत आता था , लेकिन इसके पीछे कभी भी उनका स्वार्थ नहीं रहा। उन्होंने दिवंगत अभिनेता की प्रशंसा करते हुए संवाददाताओं से कहा, विजयकांत के लिए कैप्टन उपनाम बहुत उपयुक्त है। विजयकांत के निधन की खबर के बाद से ही तमिलनाडु में बड़ी संख्या में लोग उनके आवास और उनकी पार्टी देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) के मुख्यालय पर एकत्रित हुए तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी दिग्गज अभिनेता को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने राजकीय अंत्येष्टि की घोषणा की और इसे डीएमडीके कार्यालय परिसर में आयोजित करने की व्यवस्था करने को कहा, जहां राजकीय सम्मान के साथ विजयकांत का अंतिम संस्कार किया जाएगा। लंबे समय से बीमार विजयकांत का निमोनिया की वजह से बृहस्पतिवार को सुबह निधन हो गया। वह 1980 के दशक से लगभग तीन दशकों तक सफल एक्शन हीरो रहे। उन्होंने 2005 में डीएमडीके की स्थापना की थी।

# अपार्टमेंट परिसर के स्वीमिंग पूल में नौ साल की बच्ची मृत मिली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के प्रौद्योगिकी गलियारे में वार्थुर-गुंजूर रोड के पास एक अपार्टमेंट परिसर के स्वीमिंग पूल में नौ साल की एक लड़की रहस्यमय स्थिति में मृत पायी गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृत लड़की पहचान मानसा के रूप में हुई है जो उसी अपार्टमेंट परिसर में अपने परिवार के साथ रहती थी। इस अपार्टमेंट परिसर के बाशिंदों ने दावा किया है कि पूल के समीप बिजली के खंभे से लटकते एक तार के संपर्क में आने के बाद मानसा दुर्घटनावश स्वीमिंग पूल में गिर गयी।

पुलिस ने कहा कि लेकिन मौत की सटीक वजह स्वीमिंग पूल में डूबना है या करंट लगना, इसका पता पोस्टमार्टम जांच से ही चल सकता है। उसने कहा कि उसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, लड़की के पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें संदेह है कि बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े सात बजे उनकी बेटी दुर्घटनावश स्वीमिंग पूल में गिरी और डूब गयी।

उन्होंने कहा कि लड़की को निकट के एक अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा, करंट लगने के दावे किये जा रहे हैं। लेकिन उसके शरीर पर जख्म का कोई निशान नजर नहीं आ रहा है।

हम सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं लेकिन जबतक हमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल नहीं जाती है तबतक हम मौत की वजह को लेकर कुछ नहीं कह सकते हैं।

इस घटना के बाद अपार्टमेंट के बाशिंदों ने प्रदर्शन किया तथा लड़की के वास्ते इंसाफ की मांग की। लड़की के पिता ने यहां सवाददाताओं से कहा, हम अपनी बेटी के लिए इंसाफ चाहते हैं। हम चाहते है कि उसकी मौत की सच्चाई सामने आये।

## बम की अफवाह : मंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच की गई

मंगलूरु। मंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (एमआईए) प्राधिकारियों ने एक विमान में विस्फोटक होने का दावा करने वाला ई-मेल मिलने के बाद हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच की। पुलिस ने यह जानकारी दी। आतंकवादी समूह होने का दावा करने वाले 'फनिंग' नाम के एक प्रेषक ने मंगलुरु समेत देश के कई हवाई अड्डों को मंगलवार रात को इसी प्रकार के ई- मेल भेजे थे। ई-मेल में लिखा है, आपके एक विमान में विस्फोटक हैं। आपके हवाई अड्डे में भी विस्फोटक हैं।

विस्फोटक को छुपा कर रखा गया है और कुछ ही घंटों में इनमें विस्फोट हो जाएगा। मैं आप सभी को मार दूंगा। हम एक आतंकवादी समूह हैं जिसका नाम 'फनिंग' है। हवाई अड्डे के प्राधिकारियों ने बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर ईमेल देखा और शहर पुलिस को इस बारे में तुरंत सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने हवाई अड्डे की विस्तृत तलाशी ली। शहर के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि अतिरिक्त जांच चौकी स्थापित करके हवाई अड्डे के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

## बेंगलूरु मेट्रो ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर ट्रेन सेवाओं का समय बढ़ाया

बेंगलूरु। बेंगलूरु मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर भीड़ को देखते हुए एक जनवरी, 2024 को पर्पल और ग्रीन लाइन पर ट्रेन सेवाएं मध्यरात्रि के बाद भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी को सभी टर्मिनल पर अंतिम ट्रेन रात डेढ़ बजे रवाना होगी। अधिकारियों के अनुसार इस विस्तारित अवधि के दौरान हर 15 मिनट पर ट्रेन उपलब्ध होगी। नादप्रभु केम्पेगौड़ा स्टेशन - मैजेस्टिक से चारों दिशाओं के लिए 1 जनवरी को आखिरी ट्रेन रात 2:15 बजे चलेगी।


## रक्षा सचिव ने एचएएल में एयरो इंजन संबंधित नए डिजाइन तथा परीक्षण केंद्र का उद्घाटन किया

बेंगलूरु। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने शुक्रवार को यहां हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एयरो इंजन रिसर्च एंड डवलपमेंट सेंटर (एईआरडीसी) में एक नए डिजाइन तथा परीक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। एईआरडीसी इस समय कई नये इंजन की डिजाइन और विकास में शामिल है। इनमें दो रणनीतिक इंजन-प्रशिक्षकों, यूएवी, छोटे लड़ाकू विमान के लिए 25 केएन क्षमता का हिंदुस्तान टर्बो फैन इंजन (एचटीएफई) और हल्के तथा मध्यम वजनी हेलीकॉप्टरों के लिए 1200 केएन क्षमता वाला हिंदुस्तान टर्बो शाफ्ट इंजन भी शामिल हैं। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नये आधुनिक केंद्र में विशेष मशीन हैं। उसने कहा कि नये केंद्र में इंजन के घटकों और 'लाइन रिप्लेसेबिल यूनिटस' (एलआरयू) के लिए अनेक परीक्षणों की सुविधा भी है।

## चेन्नई ओपन 2023 में भाग लेंगे जीएम प्रसन्ना, चक्रवर्ती और लक्ष्मण

चेन्नई। भारतीय ग्रैंडमास्टर (जीएम) विष्णु प्रसन्ना, दीपन चक्रवर्ती और आर आर लक्ष्मण 31 दिसंबर से यहां शुरू होने वाले 2023 चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट सात जनवरी 2024 को समाप्त होगा जिसमें 28 विदेशी खिलाड़ियों सहित 320 खिलाड़ी शिरकत करेंगे।

## अभियान



सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के कार्यकर्ताओं ने जनता की गंभीर समस्याओं के खिलाफ शुक्रवार को बेंगलूरु के एसबीएम सर्कल पर हस्ताक्षर अभियान चलाया।

# राजस्थान मंत्रिमंडल विस्तार आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल का विस्तार आज हो सकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बीजेपी अध्यक्ष सीपी जोशी को मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले विधायकों के नामों और उनके पोर्टफोलियो पर चर्चा के लिए दिल्ली बुला लिया गया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का राजभवन जाने का कार्यक्रम था लेकिन फिर उन्हें अचानक दिल्ली से फोन कर बुला लिया गया। सूत्रों के अनुसार शनिवार दोपहर तीन बजे मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

राजस्थान में तीन दिसंबर को विधानसभा चुनावों के नतीजे आ गए थे। 15 दिसंबर को भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। उनके साथ दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलें चलती रहीं। कहा जाता है कि इससे पहले की सरकारों में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कभी भी इतना समय नहीं लगा। वहीं, जिन विधायकों के पास पूर्व में सत्ता में रहने का अनुभव है, वे कहीं न कहीं वसुंधरा राजे के खेमे से जुड़े हैं। यही वजह है कि बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व को राजस्थान का मंत्रिमंडल निर्धारण करने में इतना ज्यादा समय लग रहा है जबकि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी राजस्थान के साथ ही चुनाव परिणाम आए थे, वहां पर मंत्रिमंडल विस्तार किया जा चुका है। इधर, जानकारी के मुताबिक राजभवन में भी टेंट और केटरिंग वालों को कल दोपहर तीन बजे तैयार रहने के लिए कह दिया गया है। हालांकि, राजभवन में टेंट शुक्रवार को ही लगा दिए गए थे। अब टेंट के साथ साउंड, लाइटिंग और अन्य इंतजामों को भी फिर से देखने के लिए कहा गया है। केटरिंग को भी शनिवार के लिए कह दिया गया है।

प्रचार



श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के गजसिंहपुर में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर क्षेत्रवासियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



# महिला लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल का जताया आभार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर शुक्रवार को ‘रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना’ की लाभार्थी महिलाएं मिलने पहुंचीं। महिला लाभार्थियों ने 450 रूपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। भजनलाल शर्मा ने सभी महिला लाभार्थी से संवाद कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

उल्लेखनीय है कि रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवारों की महिलाओं को 1 जनवरी 2024 से रसोई गैस सिलेंडर 450 रूपये में मिल सकेगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश के गरीब परिवारों की महिलाओं को धुएं से निजात मिलेगी एवं उनके परिवार को आर्थिक सम्बल भी मिलेगा। इस दौरान रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना की महिला लाभार्थी चूरू निवासी श्रीमती सरला कंवर ने कहा कि उनका कोई भाई नहीं है तो अब मुख्यमंत्री ही उनके भाई हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने श्रीमती सरला कंवर से रक्षा सूत्र बंधवाकर अभिवादन स्वीकार किया।

# कचरा बीनने वाली महिला का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म

कोटा। राजस्थान के कोटा में रलायता के जंगलों में कूड़ा बीनने वाली 26 वर्षीय एक महिला का दो अज्ञात युवकों ने कथित तौर पर अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने महिला को बेहोशी की हालत में सड़क किनारे छोड़ दिया गया, जहां दोपहर में एक राहगीर ने उसे अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को इस बारे में सूचित किया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, दोनों नाबालिग हैं और क्रमश: नौवीं और दसवीं कक्षा में पढ़ते हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने पहले झालावाड़ महिला पुलिस थाने में उनके खिलाफ अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था तथा महिला की मेडिकल जांच कराई थी। पुलिस उपाधीक्षक मुकुल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि मूल रूप से मध्य प्रदेश के सागर जिले की रहने वाली महिला झालावाड़ शहर में अपने बच्चों के साथ एक अस्थायी झोपड़ी में रहती थी। मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने कथित तौर पर अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया।

उन्होंने बताया कि युवक महिला को रलायता के जंगलों में ले गए जहां उन्होंने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे बेहोशी की हालत में सड़क किनारे छोड़ दिया। पुलिस उपाधीक्षक के मुताबिक सड़क से गुजर रहे एक स्थानीय व्यक्ति ने महिला को देखा और उसे झालावाड़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचित किया। करीब एक घंटे बाद महिला को होश आया। पुलिस ने महिला के बयान के आधार पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कीं।



# कुपोषण के खात्मे के लिए थाली का हिस्सा बने मिलेट्स : बैरवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कुपोषण के खात्में एवं स्वस्थ रहने के लिए मिलेट्स को अपनी थाली का हिस्सा बनाने की जरुरत बताते हुए कहा है कि इसके लिए पुराने खान पान को फिर से अपनाना होगा। डा बैरवा शुक्रवार को राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा में दो दिवसीय अन्न सम्मेलन के शुभांरभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानो को गेंहू धान के चक्र से बाहर निकलने की जरूरत बताते हुए कहा कि एक समय था जब मोटा अनाज ज्वार, बाजरा, मक्का एवं जौ की रोटिया खाया करते थे और गेंहू की रोटी किसी मेहमान के आने पर ही बनती थी, लेकिन इसमें बदलाव करके आज चावल एवं गेंहू पर निर्भर हो गए।

उन्होंने कहा कि इन दोनों फसलों के ज्यादा उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं देखने को मिल रही है। ऐसे में ज्वार, बाजरा, रागी, कांगनी जैसी मिलेट्स फसलों को भोजन थाली का हिस्सा बनाने की जरूरत है, क्योंकि यह फसलें ग्लूटेन फ्री है। साथ ही इनका ग्लाइसों इंडेक्स गेहूं-धान की तुलना में काफी कम है।

उन्होंने कहा कि देश की बड़ी आबादी मधुमेह, मोटापें सहित कई दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही है वही महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की समस्या जगजाहिर है। ऐसे में जिंक, आयरन, कैल्शियम और पोटेशियम से भरपूर मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने रारी द्वारा जिंक, आयरन से भरपूर बाजरा किस्म आरएचबी-233 और आरएचबी-234 किस्म के विकास पर खुशी जताई। साथ ही मिलेट्स के प्रचार, प्रसार, जागरूकता और वैल्यू एडिशन पर जोर दिया।

इस अवसर पर कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने बताया कि प्रदेश में 45 लाख हैक्टर जमीन में बाजरे की बुवाई होती है। राजस्थान में देसी बाजरी के दर्जन भर से ज्यादा जर्मप्लाज्म उपलब्ध है, जिनका उपयोग बाजरे की नवीन संकर किस्मों के विकास मे किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पूसा नई दिल्ली के वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक का विकास किया है जिससे बाजरे के आटे को तीन महीने तक संरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय मिलेट किस्मों के विकास के साथ-साथ मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण पर ध्यान दे रहा है।

इस मौके पर डॉ बैरवा ने विश्वविद्यालय द्वारा तैयार कृषि कलेण्डर 2024 एवं मिलेट्स आधारित कृषि फोल्डर का विमोचन किया। उन्होंने मिलेट्स प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मिलेट्स के बिस्किट, लड्डु, तथा केक का स्वाद चखा। उपमुख्यमंत्री ने मिलेट्स एनटरप्रयोन्यर से मिलेट्स उत्पादों की जानकारी भी ली। कार्यक्रम में राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा के निदेशक डॉ. अर्जुन सिंह बलौदा ,मिलेट्स विकास निदेशालय जयपुर के निदेशक डॉ. सुभाष चन्द्र,कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव रामरतन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक, किसान और विद्यार्थी मौजूद थे। इस अवसर पर कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मिलेट्स जनजागरूकता रैली भी निकाली गई।’

संकल्प यात्रा



छोटी सादड़ी में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए और लाभार्थियों से संवाद किया।



# ‘विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बैंक अधिकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं राहत’

जयपुर/दक्षिण भारत। केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले के अग्रणी बैंक जल्द से जल्द अपने ऋण लक्ष्यों को हासिल करें ताकि प्रत्येक जरूरतमंद तक राहत पहुंचाई जा सके। राजपुरोहित ने यह बात शुक्रवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बैंक अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन स्कीम सहित अन्य योजनाओं के बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिये।

बैठक में सितम्बर, 2023 तिमाही में बैंकों द्वारा की गई प्रगति के साथ साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिस तरह से योजनाओं की समीक्षा की जा रही है ऐसे में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी निश्चित रूप से मिलेगा।

समीक्षा के दौरान पीएम स्वनिधि, घर-घर केसीसी अभियान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबे समय से बैंक शाखाओं में लंबित आवेदन पत्रों को त्वरित गति से निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक शर्मा, अग्रणी जिला प्रबन्धक यूको बैंक पूरण मल बुनकर,एल डी ओ, भारतीय रिजर्व बैंक दिनेश यादव, डी डी एम, नाबार्ड सौरभ सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों व संबन्धित सरकारी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान में सर्दी ने जोर पकड़ा, अनेक इलाकों में घना कोहरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सर्दी ने जोर पकड़ लिया जहां अनेक इलाकों में घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम केंद्र के अनुसार बीते चौबीस घंटे में फतेहपुर सीकर 3.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे सर्द रहा। इसके अलावा न्यूनतम तापमान सीकर में 6.5 डिग्री, पिलानी में 6.6 डिग्री, चूरू में 7.5 डिग्री, अलवर में 8.4 डिग्री तथा संगरिया व बीकानेर में 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इस दौरान संगरिया हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान भी सबसे कम 13.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अनुसार राज्य के उत्तरी एवं पूर्वी जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान घना कोहरा दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर के अनेक इलाकों में भी शुक्रवार सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। घने कोहरे का असर वाहनों के आवागमन के साथ आम जनजीवन पर देखा गया। राज्य में 31 दिसंबर से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।



राज्य के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा और कुछ इलाकों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही, जिससे आम जनजीवन और सड़क, हवाई और रेल सेवा प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजस्थान की राजधानी जयपुर में इस मौसम का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान में शुक्रवार सुबह जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, कोटा, टोंक, बूंदी ,बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, सीकर, चूरू में कोहरा छाया रहा।

कोहरे के कारण कई विमानों ने देरी से उड़ान भरी, वहीं लंबी दूरियों की रेल सेवा अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। मौसम केंद्र के अनुसार, बीते चौबीस घंटे में फतेहपुर सीकर 3.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे सर्द रहा। इसके अलावा सीकर में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री, पिलानी में 6.6 डिग्री, चूरू में 7.5 डिग्री, अलवर में 8.4 डिग्री तथा संगरिया और बीकानेर में 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इस दौरान संगरिया हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान भी सबसे कम 13.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अनुसार, राज्य के उत्तरी एवं पूर्वी जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान घना कोहरा दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर के अनेक इलाकों में भी शुक्रवार सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। घने कोहरे का असर वाहनों के आवागमन के साथ आम जनजीवन पर देखा गया।



# मुख्यमंत्री ने दिखाई संवेदनशीलता- हनुमान की अंधेरी जिंदगी में आया उजाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मोतियाबिंद के कारण अब तक मुश्किल जिंदगी जी रहे जयपुर के अजयराजपुरा गांव के निवासी हनुमान भावरिया की जिंदगी में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की संवेदनशीलता के कारण खुशियां लौट आई हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर की सांगानेर तहसील के अजयराजपुरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं सुशासन दिवस कैम्प का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां हनुमान भावरिया पुत्र घासीलाल भावरिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष पेश होकर मोतियाबिंद के कारण आने वाली परेशानियों के बारे में बताया। इस पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को तुरंत हनुमान की आंखों का ऑपरेशन कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद जयपुर के रूकमणी देवी बेनी प्रसाद राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय में गुरूवार को हनुमान का मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक हो गया और अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। मुख्यमंत्री की इस संवेदनशीलता से हनुमान को बड़ा संबल मिला है। अब उन्हें अपने रोजमर्रा के काम-काज में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।




# अयोध्या का नया रेलवे स्टेशन 'मुकुट' और 'धनुष-बाण' सहित तमाम धार्मिक प्रतीकों से सुशोभित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अयोध्या का नया रेलवे स्टेशन मंदिरों की नागर शैली के 'शिखर' की तर्ज पर गुंबद और भगवान राम के प्रतीक चिह्न धनुष-बाण से सुसज्जित है जिसका उद्घाटन शनिवार को किया जाना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या शहर की अपनी यात्रा के दौरान पुनर्विकसित अयोध्या जंक्शन स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। स्थानीय सांसद लल्लू सिंह ने बुधवार को कहा कि अयोध्या रेलवे जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या धाम जंक्शन कर दिया गया है। नया भवन पुराने स्टेशन भवन के बगल में स्थित है। अयोध्या जिले में दो मुख्य रेलवे स्टेशन... अयोध्या शहर में स्थित अयोध्या जंक्शन और फैजाबाद शहर में अयोध्या कैंट (जो पहले फैजाबाद जंक्शन) हैं।

अयोध्या जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार चौबे ने बताया, ''पहले, यात्री दोनों स्टेशनों के बीच भ्रमित हो रहे थे। अब, उन्हें पता चल जाएगा कि अयोध्या धाम स्टेशन पवित्र अयोध्या शहर के पास है और इसे फैजाबाद शहर में स्थित स्टेशन (अयोध्या कैंट) के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाएगा। पुराने बोर्ड को जल्द ही बदले जाने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2019 में फैजाबाद जिले का नाम बदलकर अयोध्या जिला कर दिया था और उसके बाद 2021 में फैजाबाद जंक्शन का नाम बदलकर अयोध्या कैंट किया गया। स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य 'रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड' (राइट्स) द्वारा किया गया है जो रेल मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम है और नवरत्नों में से एक है। नई संरचना के पास जो बोर्ड लगाया गया है, उसमें नए स्टेशन को मौजूदा रेलवे स्टेशन का 'विस्तार भवन' बताया गया है। 'पीटीआई-भाषा' ने इस सप्ताह की शुरुआत में नवनिर्मित स्टेशन का दौरा किया था जब बची हुई चिनाई, पत्थर की पॉलिशिंग और पुताई का काम किया जा रहा था। राइट्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए स्टेशन भवन में कई आधुनिक सुविधाएं हैं जो यात्रियों को आमतौर पर हवाई अड्डे पर मिलती है।

# प्रधानमंत्री मोदी का अयोध्या में शंख और डमरू वादन से होगा अभूतपूर्व स्वागत : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राम नगरी अयोध्या का दौरा करेंगे, जहां उत्तर प्रदेश और देश की विभिन्न संस्कृतियों संग उनका अभूतपूर्व स्वागत होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हवाले से एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

वर्ष 2024 में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री के इस दौरे को भव्यतम स्वरूप देने के लिए जोरदार तैयारी की गई है। प्रधानमंत्री मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल होंगे। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर संस्कृति विभाग भी इस तैयारी में जुटा है। प्रधानमंत्री के आगमन पर शंख और डमरू वादन भी होगा।

हवाई अड्डे से धर्मपथ, राम पथ होते हुए रेलवे स्टेशन तक कुल 40 मंचों पर लगभग 1400 से अधिक लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही हवाई अड्डे के सभा स्थल पर भी 30 लोक कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम नगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री के अभूतपूर्व स्वागत का निर्देश दिया है। अयोध्या के वैभव मिश्र शंख वादन से रामलला की धरा पर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे, जबकि बाबा विश्वनाथ की धरा काशी से आए मोहित चौरसिया डमरू वादन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगे। मथुरा के खजान सिंह और महिपाल अपनी टीम संग बम रसिया की छाप छोड़ेंगे।



साथ ही मथुरा का लोकप्रिय मयूर नृत्य भी कई मंचों पर होगा। दीपक शर्मा, गोविंद तिवारी, माधव आचार्य समेत कई कलाकार अन्य मंचों पर अपनी टीम संग प्रस्तुति देंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में अवधी, वनटांगिया व फरुवाही समेत अनेक संस्कृतियों की प्रस्तुति होगी। लखनऊ की रागिनी श्रीवास्तव और सुल्तानपुर के ब्रजेश पांडेय जहां अवधी लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगे, वहीं गोरखपुर की सुगम सिंह शेखावत वनटांगिया नृत्य करेंगी।

# हिमंत ने जातिवादी पोस्ट को लेकर मांगी माफी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने अपने सोशल मीडिया मंच पर जातिवादी टिप्पणी वाला एक पोस्ट अपलोड करने पर माफी मांगी है और कहा है कि उनकी टीम ने भगवद् गीता के श्लोक का 'अशुद्ध अनुवाद' किया है।

शर्मा ने बृहस्पतिवार रात को 'एक्स' और फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि वह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हर दिन सुबह भगवद् गीता का एक श्लोक अपलोड करते हैं जो अब तक 668 श्लोक हो चुके हैं। उन्होंने कहा, हाल में मेरी टीम के एक सदस्य ने अठारहवें अध्याय के 44 वें श्लोक को गलत अनुवाद के साथ पोस्ट कर दिया। जैसे ही मेरे संज्ञान में यह गलती आई, मैंने तुरंत उस पोस्ट को हटा दिया... यदि हटाए गए इस पोस्ट से किसी की भावना आहत हुई हो तो मैं हृदय से माफी मांगता हूं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि असम महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के समाज सुधार आंदोलन के फलस्वरूप एक जातिविहीन समाज की 'पूर्ण झलक' पेश करता है। छब्बीस दिसंबर को शर्मा ने 'एक्स' और फेसबुक जैसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एवी पोस्ट अपलोड किया था और दावा किया था कि यह गीता के 18 वें अध्याय का 44 वां संन्यास योग श्लोक से है।

उस एनीमेटेड वीडियो में कहा गया था, कृषि कार्य, गो-पालन एवं वाणिज्य वैश्यों का आदतन एवं स्वभाविक कर्तव्य है तथा तीन वर्णों-- ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य की सेवा करना शूद्रों का स्वभाविक कर्तव्य है। शर्मा ने यह भी कहा था, भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं ही वैश्यों और शूद्रों के स्वभाविक कर्तव्यों के प्रकारों की व्याख्या की है।

उनके इस पोस्ट से बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। विपक्षी नेताओं ने इसे ''भाजपा की मनुवादी एवं पश्चगामी विचारधारा' करार देते हुए इसकी आलोचना की।

## अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया

**लखनऊ/भाषा।** अयोध्या में राम लला (भगवान राम) की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और वहां निषेधाज्ञा घोषित की गई है।

नितिन अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा, अयोध्या एक बड़ा तीर्थस्थल है जहां पूरे देश और दुनिया से लोग भगवान राम की एक झलक पाने के लिए आने वाले हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में अयोध्या के पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मार्ग से शराब की सभी दुकानें हटा दी गई हैं और किसी को भी वहां शराब की दुकानें नहीं खोलने दी जाएंगी। हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास के मुताबिक, दिवाली बाद एकादशी पर पंचकोसी परिक्रमा होती है जिसमें भक्त 50 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यह परिक्रमा करते हैं। परिक्रमा 24 घंटे की अवधि की होती है।

## अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन भारत के लिए ऐतिहासिक होगा : सिंधिया

**नई दिल्ली/भाषा।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कल का दिन अयोध्या हवाई अड्डे के उद्घाटन के साथ देश के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या में हवाई अड्डे का दूसरे चरण में व्यापक विस्तार किया जाएगा और रनवे की लंबाई भी बढ़ाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में 6,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने अयोध्या हवाई अड्डे का शनिवार को उद्घाटन करेंगे। सिंधिया ने कहा कि अयोध्या हवाई अड्डे से कनेक्टिविटी आने वाले दिनों में बढ़ेगी। देशभर में नागर विमानन क्षेत्र के लिए व्यापक क्षमता है और विशेष रूप से अयोध्या के लिए भी ऐसा है जो हमारे दिलों में धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से बसी है। सिंधिया के अनुसार, दूसरे चरण में हवाई अड्डा परियोजना का व्यापक विस्तार किया जाएगा और इसे 6,500 वर्ग मीटर क्षेत्र से बढ़ाकर 50,000 वर्ग मीटर का किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम रनवे की लंबाई बढ़ाकर 3,750 मीटर कर रहे हैं जो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए पर्याप्त है। अयोध्या में अत्याधुनिक हवाई अड्डे का पहला चरण 1,450 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6,500 वर्गमीटर होगा, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा करने के लिए तैयार रहेगा।

# पटनायक ने ओडिशा की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना का तीसरा चरण शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को राज्य की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य स्कीम ''बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना'' (बीएसकेवाई) के तीसरे चरण की शुरुआत की।

पटनायक ने कहा कि विस्तार के इस तीसरे चरण के साथ ही अनुमान है कि 1.10 करोड़ परिवारों यानी राज्य के 90 प्रतिशत लोगों को बीएसकेवाई के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसकेवाई यह सुनिश्चित करेगी कि ओडिशा में किसी भी परिवार के सामने गंभीर बीमारी के महंगे इलाज का खर्च उठाने में वित्तीय संसाधनों की कमी आड़े न आए।

पटनायक ने लाभार्थियों के लिए नए 'बीकेएसवाई नबीन कार्ड' शुरू करते हुए कहा कि जो लोग इस योजना के पहले दो चरणों में छूट गए थे, उन्हें तीसरे चरण में शामिल कर लिया जाएगा।

पटनायक ने कहा, अब हम बीएसकेवाई का तीसरा चरण शुरू कर रहे हैं जहां अपने राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में छूट गए सभी परिवारों को सभी गंभीर बीमारियों में निजी अस्पतालों में बेनकदी (कैशलेस) स्वास्थ्य सेवाएं निश्चित रूप से मिलने को लेकर आश्वस्त किया जाएगा।

बीएसकेवाई के नियमों के अनुसार, नए लाभार्थी भी पांच लाख सालाना बेनकदी स्वास्थ्य देखभाल के पात्र होंगे तथा महिलाएं ओडिशा में और बाहर पैनल वाले अस्पतालों में साल में 10 लाख रुपए तक का इलाज करा सकेंगी।

## उचित समय पर फैसला करेंगे कि सोनिया, खरगे राम मंदिर उद्घाटन में शामिल होंगे या नहीं: कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे या नहीं, इसका फैसला पार्टी उचित समय पर करेगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि गांधी और खरगे को समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को राम मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया है। उचित समय पर फैसला किया जाएगा और जानकारी दी जाएगी। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का समारोह 22 जनवरी को होगा और उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और 6,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

## लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को 'हिंदू हृदय सम्राट' के रूप में पेश करेगी भाजपा : थरूर



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2024 का लोकसभा चुनाव हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ सकती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'हिंदू हृदय सम्राट' के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

थरूर ने 'एक्स' पर लिखा कि मोदी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का और 14 फरवरी को अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, इसके बाद आम चुनाव की घोषणा की जाएगी। लोस चुनाव हिंदुत्व बनाम जन कल्याण की लड़ाई बनने जा रहा है और आर्थिक विकास तथा हर साल दो करोड़ रोजगार देने जैसे मुद्दों पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा, संदेश स्पष्ट है। 2009 में मोदीजी को सभी भारतीयों के लिए विकास लाने वाले आर्थिक विकास के अवतार और गुजरात उद्योग जगत के सीईओ के तौर पर भारतीय मतदाताओं के बीच पेश किया था। 2019 में विनाशकारी नोटबंदी के मद्देनजर यह सोच धराशाई हो गई तो पुलवामा आतंकवादी हमले ने मोदीजी को आम चुनावों को राष्ट्रीय सुरक्षा पर आधारित चुनाव में बदलने का अवसर दे दिया। थरूर ने कहा, स्पष्ट है कि 2024 में भाजपा अब अपने मूल संदेश की ओर लौटेगी और नरेन्द्र मोदी को राष्ट्र के समक्ष हिंदू हृदय सम्राट के रूप में पेश करेगी। कांग्रेस नेता ने पूछा, इन सबसे सवाल खड़े होते हैं: अच्छे दिन का क्या हुआ? हर साल दो करोड़ नौकरियों का क्या हुआ? आर्थिक विकास का क्या हुआ जिससे निचले सामाजिक-आर्थिक पायदान वाले लोगों को फायदा होता?

# नीतीश कुमार का जद (यू) अध्यक्ष बनना पार्टी का आंतरिक मामला: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष के रूप में फिर से कमान संभालना उसका 'आंतरिक मामला' है, लेकिन यह जिस तरह से हुआ है, उससे पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास और कम हुआ है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने पीटीआई-भाषा से कहा, जनता से धोखाधड़ी का समय अब खत्म हो गया है। जनता अब ठगों के गिरोह को स्वीकार नहीं करेगी।

उनकी यह प्रतिक्रिया शुक्रवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कुमार को जनता दल (यूनाइटेड) का अध्यक्ष चुने जाने के बाद आई है। सिंह ने यहां बंद कमरे में हुई कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष पद छोड़ दिया और कुमार के नाम का प्रस्ताव करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले इस महत्वपूर्ण मोड़ पर पार्टी को उनके नेतृत्व की आवश्यकता होगी, जबकि वह खुद अपना चुनाव लड़ने में व्यस्त होंगे। सिंह लोकसभा में बिहार के मुंगेर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें जुलाई 2021 में जद (यू) अध्यक्ष बनाया गया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर सिन्हा ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जद(यू) का अध्यक्ष बनने पर बधाई। यह जद(यू) का आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा कि लेकिन पार्टी में 'घटनाओं के चक्र' ने 'भ्रम, अविश्वास और अंदरूनी कलह' के माहौल को उजागर कर दिया है।

सिन्हा ने कहा, कहीं न कहीं (पार्टी में) भ्रम और अविश्वास के माहौल के साथ लोगों का उन पर विश्वास और कम हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक दल के लिए ऐसा माहौल सही नहीं है।

## राहुल गांधी 15 साल अमेठी के सांसद रहे, लेकिन विकास के लिए नहीं सोचा: ईरानी



**अमेठी (उप्र)/भाषा।** केंद्रीय महिला बाल विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे 15 साल तक यहां से सांसद रहे लेकिन अमेठी के विकास के लिए नहीं सोचा। केवल मुंशीगंज में अपना गेस्ट हाउस बनाया।

मुंशीगंज में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जब ग्रामीणों ने पानी निकासी के लिए नालों के निर्माण का मुद्दा रखा तो स्मृति ईरानी ने कहा कि मुझे तो अभी साढ़े चार साल (सांसद चुने जाने के) हुए हैं, लेकिन यहां से 15 साल तक राहुल गांधी सांसद रहे पर उनके द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ईरानी ने आरोप लगाया, विकास के विषय में उन्होंने (राहुल गांधी) सोचा ही नहीं, केवल मुंशीगंज में अपना गेस्ट हाउस बनाया। दस साल तक केंद्र में उनकी सरकार रही पर अमेठी के विकास पर सोचा तक नहीं। यहां केवल कागज पर काम होते रहे। स्मृति ने राहुल गांधी का नाम लेते हुए कहा, राहुल गांधी तो अमेठी में ठीक से एक नाला भी नहीं बनवा पाए।

## एमफिल बंद करने के यूजीसी के निर्देशों को बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा : ब्रत्य बसु



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा है कि राज्य सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी)के उस फैसले का पालन नहीं करेगी जिसमें उसने विश्वविद्यालयों को 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश रोकने को कहा है। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने 27 दिसंबर को कहा था, यूजीसी के संज्ञान में आया है कि कुछ विश्वविद्यालय एमफिल (मास्टर ऑफ फिलॉसफी) पाठ्यक्रमों के लिए नए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। इस संबंध में, सभी के ध्यान में लाया जा रहा है कि एमफिल मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है। उन्होंने कहा, यूजीसी (पीएचडी डिग्री के लिए न्यूनतम अर्हता एवं प्रक्रिया) नियमावली, 2022 का नियम 14 स्पष्ट रूप से कहता है कि उच्च शिक्षण संस्थान एमफिल पाठ्यक्रम में प्रवेश की कोई पेशकश नहीं करेंगे। बसु से बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं ने जब पूछा कि क्या पश्चिम बंगाल सरकार, यूजीपी के फैसले का पालन करेगी तो उन्होंने कहा, हम यूजीसी के आदेश का पालन नहीं करेंगे।

## जडेजा ने शुरू किया अभ्यास, दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं



**सेंचुरियन/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के हाथों पहले टेस्ट में शर्मनाक हार झेलने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अच्छी खबर है कि हरफनमौला रविंद्र जडेजा तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में खेल सकते हैं।

पहले टेस्ट की सुबह पीठ में दर्द के कारण जडेजा नहीं खेल सके थे। पहले टेस्ट के तीसरे दिन उन्होंने वार्म अप में भाग लिया और बिल्कुल सहज नजर आए। उन्होंने फिटनेस अभ्यास भी किया।

तीसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान उन्होंने गेंदबाजी की। रिजर्व तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के साथ उन्होंने करीब 20 मिनट अभ्यास पिच पर गेंदबाजी की। टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच रजनीकांत उनके साथ थे। वह गेंदबाजी करते हुए भी बिल्कुल सहज लगे। गेंदबाजी में भले ही जडेजा उतने खतरनाक नहीं हों लेकिन छठे और सातवें नंबर पर उनकी बल्लेबाजी उपयोगी साबित हो सकती है।



# 50 के होते ही पेंशन के हकदार होंगे आदिवासी और दलित : सोरेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के आदिवासी और दलित 50 की उम्र के होते ही पेंशन लाभ के हकदार होंगे। राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)नीत सरकार के चार वर्ष पूरे होने के मौके पर रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोरेन ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा, 'सरकार ने आदिवासी और दलितों को 50 की उम्र में पहुंचते ही पेंशन लाभ प्रदान करने का फैसला किया है। उनमें मृत्यु दर अधिक रहती है और उन्हें 60 वर्ष के बाद नौकरियां भी नहीं मिलतीं।

सोरेन ने दावा किया कि 2000 में झारखंड की स्थापना के बाद 20 वर्षों में सिर्फ 16 लाख लोगों को पेंशन मिली लेकिन उनकी सरकार ने 36 लाख लोगों को पेंशन प्रदान की है, जिनमें से अधिकतर की उम्र 60 वर्ष से ज्यादा है। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार के चार वर्षों में हमने 36 लाख लोगों को पेंशन प्रदान की है, जिनमें 60 की उम्र से ज्यादा के बुजुर्ग, 18 वर्ष की उम्र से अधिक की विधवाएं और शारीरिक रूप से अक्षम लोग शामिल हैं। सोरेन ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार जन कल्याण के लिए अथक रूप से कार्य कर रही है और बहुत सी योजनाएं ऐसी हैं, जिन्हें पहली बार लागू किया जा रहा है, जिसमें उनकी सरकार का पहुंच कार्यक्रम 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना का मकसद ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके घर तक पहुंचाना है।

# बिहार : ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने के कारण 6 महीने में करीब 13 हजार शिक्षकों के वेतन में हुई कटौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार शिक्षा विभाग ने स्कूलों के निरीक्षण के दौरान पिछले छह महीने में ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए 12,987 शिक्षकों के वेतन में कटौती की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग ने पिछले छह महीने में विभिन्न शिक्षा नियमों के उल्लंघन के लिए 39 अन्य शिक्षकों को निलंबित किया जबकि 13 शिक्षकों को बिना मंजूरी के छह महीने से दो साल तक की अवधि के दौरान ड्यूटी पर कथित रूप से अनुपस्थित रहने और शिक्षकों की भर्ती नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

विभाग के एक अधिकारी ने नाम जाहिर न करने के अनुरोध पर बताया, 'पिछले छह महीने (23 दिसंबर तक) में विभाग ने बिना सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के, ड्यूटी पर अनुपस्थित (छह महीने से दो साल की अवधि में) पाए गए 12,987 शिक्षकों के वेतन में कटौती की है। उन्होंने बताया, '131 अन्य शिक्षकों के वेतन में कटौती के लिए भी सिफारिशें की गई हैं। इसके अलावा बिहार स्कूल शिक्षक भर्ती नियमों के प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए पिछले छह महीने में 13 शिक्षकों को बर्खास्त भी किया गया है। राज्य का शिक्षा विभाग शिक्षकों को लेकर हाल ही में जारी किए गए अपने परिपत्र को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहा है।

बिहार में राजभवन ने 26 दिसंबर को राज्य के मुख्य सचिव को एक औपचारिक संदेश भेजकर हाल ही में शिक्षा विभाग की उच्च शिक्षा शाखा द्वारा पारित 'असंवैधानिक' और 'निरंकुश' आदेश के खिलाफ तुरंत 'सुधारात्मक उपाय' लागू करने को कहा है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग द्वारा इस तरह के आदेश पारित करना राज्य में शैक्षणिक माहौल को ध्वस्त करने जैसा प्रतीत होता है। बिहार में महागठबंधन सरकार के दोनों सहयोगी दलों के साथ-साथ विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने परिपत्र को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

## सुविचार

**छोटी सी जिंदगी ने बड़ा सबक दिया, रिश्ते सबसे रखो लेकिन उम्मीद किसी से नहीं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बड़ी राहत

कतर की एक अदालत द्वारा जासूसी के कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों की मौत की सजा को कम करने का फैसला एक बड़ी राहत है। निश्चित रूप से यह भारत सरकार के प्रयासों की जीत भी है। इन पूर्व कर्मियों को जब अक्टूबर में मौत की सजा सुनाई गई तो यह इनके परिवारों के लिए किसी वज्रपात से कम नहीं थी। उसके बाद इनका जीवन बचाने के लिए देशभर से आवाजें उठनी शुरू हो गई थीं। हालांकि इस बात को लेकर भरोसा भी था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर जरूर कुछ ऐसा करेंगे, जिससे नौसेना के इन पूर्व कर्मियों का जीवन सुरक्षित रहेगा। इस मामले में भारत सरकार की ओर से दिए गए बयान बहुत संतुलित थे। उसके शब्दों से न तो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कतर की न्याय प्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं और न ही वहां कैद भारतीय नागरिकों की उपेक्षा की जा रही है। सोशल मीडिया पर जरूर कुछ लोगों ने भावावेश में आकर ऐसी प्रतिक्रिया दी, जिससे उन्हें परहेज करना चाहिए था। कतर और भारत के संबंध बहुत पुराने तथा मैत्रीपूर्ण हैं। भारत से खाद्यान्न, दवाइयां और कई चीजें कतर को निर्यात की जाती हैं। वहां बड़ी तादाद में भारतीय नागरिक काम कर रहे हैं। वे इस देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, कतर हमें गैस व पेट्रो केमिकल्स का निर्यात करता है। अगर उक्त मामले में भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मियों के जीवन को हानि होती तो दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट आ सकती थी। हां, सोशल मीडिया पर एक समूह जरूर सक्रिय था, जो कतर की ओर टकटकी लगाए देख रहा था कि कब वहां कुछ 'गड़बड़' हो और उसे भारत को घेरने का मौका मिले! नौसेना के ये पूर्व कर्मी पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किए गए थे, जिसके बाद से उनके परिजन घोर चिंता में डूबे थे। जब मौत की सजा सुनाई गई तो यहां सबको हैरानी हुई थी। भारत सरकार ने भी इसे बेहद 'स्तब्ध' करने वाला फैसला बताया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई में 'सीओपी28' शिखर सम्मेलन के दौरान कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ मुलाकात की, तो कुछ उम्मीद बंधी थी। प्रधानमंत्री ने उस मुलाकात के बाद कहा था कि उन्होंने कतर में भारतीय समुदाय के 'कल्याण' को लेकर चर्चा की थी। इससे संकेत मिला था कि प्रधानमंत्री ने इन आठ पूर्व कर्मियों का मुद्दा जरूर उठाया है और कतर के अमीर उनकी बात नहीं टालेंगे। अभी अपीलीय अदालत का फैसला आया है, जिसमें सजा कम हुई है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय तक विभिन्न चरण हैं। आखिर में क्षमादान का विकल्प तो है ही, जिसको देखते हुए यह उम्मीद की जा सकती है कि इन पूर्व कर्मियों की बाकी सजा कम हो जाएगी और ये सकुशल घर लौट आएंगे। इस मामले के जिस पहलू पर ताज्जुब भी होता है, वह है- एकसाथ इतनी बड़ी संख्या में लोगों को सजा सुनाना। चूंकि ये लोग भारतीय नौसेना में वर्षों सेवा दे चुके हैं। ये कैप्टन और कमांडर रहे हैं, लिहाजा सैन्य कानूनों को भलीभांति जानते हैं। साथ ही इस बात की पूरी समझ रखते हैं कि जिस देश (कतर) में नौकरी कर रहे हैं, वहां उनके अधिकार बहुत कम हैं और जासूसी जैसे मामलों में बहुत भयानक सजाएं दी जाती हैं। वहां एकसाथ आठ लोगों का ऐसे कथित गंभीर अपराध में लिप्त होना कई सवाल खड़े करता है। कहीं इस मामले में विदेशी षड्यंत्र तो नहीं है? आज खाड़ी देशों में ऐसे कई संगठन काम कर रहे हैं, जो वहां भारत की छवि को धूमिल करने के लिए जी-जान से जुटे हैं। उन्हें भारत-विरोधी एजेंसियां फंडिंग करती हैं। अगर उक्त मामले में भारत-कतर संबंधों में तनाव आ जाता, तो वे उसका फायदा उठाने की पूरी कोशिश करते। लेकिन दोनों देशों ने संयम व सूझबूझ का परिचय दिया। भारत के विदेश मंत्रालय का यह कहना कि 'इस मामले की कार्यवाही की प्रकृति गोपनीय और संवेदनशील होने के कारण, इस समय कोई और टिप्पणी करना उचित नहीं होगा', प्रासंगिक है। मामले की गंभीरता के कारण सभी बिंदु सार्वजनिक नहीं करने चाहिएं, अन्यथा कुछ ताकतें उनका इस्तेमाल सनसनी फैलाने, फायदा उठाने और दोनों देशों के बीच तनाव पैदा करने के लिए कर सकती हैं।

## ट्वीटर टॉक



जनसमस्याओं के निराकरण हेतु आज ओटीएस निवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे नागरिकोंसे स्नेहिल भेंट की व उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

**-भजनलाल शर्मा**



नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए हमारी सरकार द्वारा राजस्थान के प्रत्येक उज्ज्वला योजना लाभार्थी परिवार को 450 में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के ऐतिहासिक निर्णय लेने पश्चात आज प्रदेश की मातृशक्ति ने आभार व धन्यवाद प्रकट करते हुए मुझे स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान किया ।

**-दीया कुमारी**



चंडीगढ़ में हथिनीकुंड बैराज से राजस्थान को पीने और सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के संबंध में हरियाणा सरकार से सकारात्मक चर्चा हुई। इस बात पर सहमति बनी कि हरियाणा के जनहित को हानि न पहुँचाते हुए राजस्थान के हिस्से का पानी राजस्थान को मिले ।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# समृद्ध वैदिक परंपरा



एक बार स्वामी विवेकानंद से जब उनके एक भारतीय मित्र ने अमेरिका की सबसे खतरनाक बीमारी के बारे में पूछा तो स्वामी जी ने कहा कि अमेरिकी लोगों को सबसे अधिक मानसिक बीमारी का शिकार होना पड़ता है। इस बीमारी की वजह पूछने पर स्वामी विवेकानंद ने अपने मित्र को उत्तर दिया कि उनके जीवन की तेजी औरों से अधिक है। अमेरिका में कोई आराम से नहीं चलता, बल्कि दौड़ता है अर्थात सब एक-दूसरे से आगे जाने की सोच रखते हैं। कोई भी व्यक्ति आराम से बात नहीं करता, वे लोग केवल काम की ही बात करते हैं। बाकी देशों के लोग भी अमेरिका से प्रतियोगिता में लग गए हैं जिसके कारण वे एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में ही ख़त्म करने की कोशिश करने लगे हैं। यही कारण है कि और देश के लोगों में भी अमेरिका जैसी मानसिक बीमारी फैलने लग गई है। भारत वैदिक परंपरा का अनुयायी रहेगा तो यहां अवसाद अपना स्थाई घर नहीं बना सकेगा।

## सामयिक

# अपराधों से जूझती आधी आबादी

**योगेश कुमार गोयल**
**मो.: 9034304041**



'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' प्रतिवर्ष महिलाओं पर अपराधों की रिपोर्ट जारी करता है लेकिन इससे प्रेरित होकर कहीं कोई कार्रवाई होती नहीं दिखती। विचित्र यह है कि महिलाओं पर होने वाले अपराधों में उत्तर भारत के राज्य हर बार 'बाजी' मार लेते हैं। क्या कहते हैं 'एनसीआरबी' के ताजा आंकड़े? बता रहे हैं वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल। 'एनसीआरबी' (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं।

महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर 'एनसीआरबी' के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसद क्रूरता, 19.2 फीसद अपहरण, 18.7 फीसद बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसद बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए।

दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तरप्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्यप्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। 'एनसीआरबी' के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसद से बढ़कर 2022 में 66 फीसद हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसद ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

'राष्ट्रीय महिला आयोग' के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में 'निर्भया कांड' के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैर-जिम्मेदाराना रवैया दिखता है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस- प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो। कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी-दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है, केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन की जिस तरह की भूमिका सामने आती रही है, वह काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी होगी?

## ज्ञान विज्ञान

# वैज्ञानिकों ने खोजी लाखों साल पहले खो गई प्राचीन कॉलोनी

वैज्ञानकों ने एक ऐसी जगह की वैज्ञानिकों ने खोज की है, जो कभी ऑस्ट्रेलिया के तट से दूर हजारों लोगों का घर थी। क्वाटरनेरी साइंस रिव्यूज में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, साहुल के उत्तर-पश्चिमी शेल्फ पर मानव जीवन और कलाकृतियों के कई अहम सुराग खोजे गए हैं। ये किम्बर्ली के उत्तरी क्षेत्र के तट पर न्यू गिनी से जुड़ी जमीन के टुकड़े के पास है। इस जगह को लेकर वैज्ञानिकों का दावा है कि ये प्राचीन ऑस्ट्रेलिया की एक कॉलोनी थीऔर यहां कभी एक बड़ी आबादी रहती थी। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस जमीन का टुकड़े पर प्राचीन समय में एक शानदार इको सिस्टम मौजूद था, जो 2.5 मिलियन साल पहले के अंतिम प्लेइस्टोसिन काल में अस्तित्व में था। ये जलमग्न भूभाग 250,000 वर्ग मील क्षेत्र में फैला हुआ था, जो ब्रिटेन के आकार का 1.6 गुना था। महाद्वीपीय शेल्फ, जिसे कभी रेगिस्तान माना जाता था, नदियों और झरनों, खारे पानी की झीलों के साथ-साथ एक बड़े अंतर्देशीय समुद्र से भरा हुआ था। जो लगभग 50,000 और 500,000 लोगों का घर था। वैज्ञानिकों के अनुसार, देश के आज के विशाल द्वीप में बदलने से पहले शेल्फ ने लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया तक पहुंचने के लिए एक पुल के रूप में भी काम किया होगा।

हजारों साल पहले इस जगह के डूबने की वजह समुद्र का जल स्तर बढ़ना था। शेल्फ का लगभग आधा हिस्सा 12,000 से 9,000 साल पहले डूब गया था, जो तेजी से बढ़ते समुद्र के स्तर के दो चरणों में से पहला था। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे जो लोग महाद्वीपीय शेल्फ पर एक द्वीपसमूह में फंसे हुए थे, वे वालेसिया के पहले समुद्री खोजकर्ता बन गए, जिन्होंने अपनी समुद्री अर्थव्यवस्थाओं के लिए साहुल के विशाल स्थलीय महाद्वीप के अनुकूल एक परिचित वातावरण तैयार किया। वैज्ञानिक कॉलोनी के खोए हुए इतिहास को उजागर करने के लिए काम कर रहे हैं और भूदृश्यों के पुरापाषाण काल के पुनर्निर्माण की योजना बना रहे हैं। अध्ययन में कहा गया है कि अब जलमग्न महाद्वीपीय किनारों ने स्पष्ट रूप से दुनिया भर में प्रारंभिक मानव विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## चिंतन

# चीन निर्मित पतंग के मांझे का बहिष्कार जरूरी

**अशोक भाटिया**
**मो.: 9221232130**



हमें केवल चीन से ही नहीं चीनी मांझे से भी दूर रहना है । 15 जनवरी को मकर संक्राति है । मकर संक्रांति तिल गुड़ की मिठास के साथ पतंगबाजी के उत्साह से भरा पर्व है। इस पर्व पर पतंग उड़ाने की परंपरा है ।पूरा बाजार पतंगों से पटता जा रहा है। ऐसे में आप भी पतंग उड़ाने की पूरी तैयारी कर चुके होंगे। ये आप भी जानते हैं कि कैसे देश वासियों में पतंग उड़ाने का जुनूनी शौक है। देश में कैसे मकर संक्राति के मौके पर पूरा आसमान विभिन्न आकारों की रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है, महाराष्ट्र में तो अभी से लेकर जनवरी तक यह शौक फ़रमाया जाता है । ये किसी भी छिपी नहीं है। पतंगबाजी का यह शौक आज इसलिए खतरनाक होता जा रहा है क्योंकि पतंगबाज चीनी मांझा का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह मांझा न सिर्फ पतंग बल्कि लोगों की जिंदगी भी डोर भी काट रहा है।

दो दिन पहले ही घर आने-जाने के दौरान मुंबई के डिंडोशी पुलिस में तैनात एक पुलिसकर्मी का गला मांझे से कट गया, जिससे उसकी मौत हो गई इन शिकायतो के बाद ही पिछले दो दिनों में शहर के कम से कम पांच पुलिस स्टेशनों ने चीनी मांझा बेचते, स्टॉक करते या उपयोग करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गौरतलब हो कि रविवार को खेरवाड़ी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में कांस्टेबल समीर जाधव की जान भी चली गई थी जब वकोला फ्लाईओवर से लटके चीनी मांझे से उनका गला कट गया। जवाब में खेरवाड़ी पुलिस ने आईपीसी की धारा 304-ए के तहत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। इस दुखद घटना के बाद पुलिस ने चीनी मांझा की बिक्री और खरीद में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यह त्वरित कार्यवाई हुई है जबकि चीनी मांजा तो वर्षों से बाज़ार में बिक रहा है । नायलॉन की डोर से पतंग उड़ाते हुए पकड़े गए दो भाइयों को खेरवाड़ी पुलिस ने पकड़ लिया और उन्हें डोर बेचने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया है । बांगुर नगर पुलिस ने 56 वर्षीय एक महिला को बेचने के इरादे से मांझा जमा करने के आरोप में हिरासत में लिया। इसके अतिरिक्त डिंडोशी पुलिस ने 19 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया मालवणी पुलिस ने 36 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया, और सहार पुलिस ने मांजा बेचने के लिए 70 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया। सभी आरोपी व्यक्तियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 336 के तहत आरोप लगाए गए हैं।कुछ समय पूर्व चीनी मांझे की चपेट में आने से अभिनव नाम का एक लड़का बुरी तरह घायल हो गया, जिसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह लड़का अभी भी अस्पताल में भर्ती है जहां उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

ऐसा नहीं है इस तरह की ये पहली घटनाए है। कई सालों से इस तरह की कई दर्दनाक घटनाएं हो चुकी है। पिछले वर्ष भी बाइक पर सवार एक व्यक्ति चीनी मांझा से उस समय घायल हो गया जब वह फ्लाईओवर से गुजर रहा था। बाइक चलाते समय मांझा उसके गले में लिपट गया। मांझा की चपेट में आने से उसके गले में करीब 2 इंच गहरा घाव हो गया। इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। चाइनीज मांझा से हुआ यह पहला हादसा नहीं था । चाइनीज मांझा न सिर्फ इंसानों के लिए बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी बहुत खतरनाक है और हर साल सैकड़ों पक्षी इसमें फंसकर अपनी जान गंवा देते हैं। दरअसल पतंगबाजी का मजा लेने वाले बच्चे व बड़े आपस में पतंग को लड़ाकर उसका मजा लेते हैं। पतंग लड़ाने के लिए लोग डोर को कटने से बचाने के लिए मजबूत धागे के लिए चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करते हैं। यह मांझा सादे धागे के मुकाबले सस्ता और मजबूत होता है। इस कारण इसकी मांग ज्यादा रहती है। डिमांड के कारण दुकानदार प्रतिबंध के बावजूद भी चोरी छिपे बेचते हैं। आज भारत समेत दुनिया के कई देशों में पतंगबाजी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन पतंगबाजी का सबसे पुराना प्रमाण चीन में मिलता है। हान राजवंश के शासनकाल में पतंगों का सैन्य उपयोग भी होता था। वहां के सैन्य कमांडरों ने दुश्मन सेना की स्थिति और दूरी का पता लगाने के लिए पतंगों का भी इस्तेमाल किया। कहा जाता है कि पतंगबाजी भी चीन के रास्ते भारत पहुंची है।

अब आपके मन में भी यह सवाल उठ रहा होगा कि आखिर यह मांझा इतना खतरनाक क्यों है और एक पतला धागा लोगों की जान कैसे ले सकता है? इसका कारण यह है कि पतंगबाजी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सामान्य मांझा कपास का बना होता है, लेकिन चीनी मांझा नायलॉन और अन्य सिंथेटिक सामग्री से बना होता है। यह मांजा कांच, लोहे के पाउडर और कई अन्य रसायनों के साथ लेपित है। इस वजह से मांझा और भी तीखा और जानलेवा हो जाता है। चाइनीज मांझा साधारण मांझा की जगह स्ट्रेचेबल होता है यानी टूटने की बजाय खिंचता रहता है। इतना ही नहीं चीनी मांझा में धातु के चूर्ण के प्रयोग से यह विद्युत का सुचालक होता है, अर्थात इसमें से करंट प्रवाहित हो सकता है और इसलिए बिजली के झटके का खतरा रहता है, लेकिन इसके खतरों से वाकिफ होने के बावजूद आज बाजार में इसकी काफी मांग है, क्योंकि जब लोग पतंग उड़ाते हैं तो चाहते हैं कि उनकी पतंग न कट जाए और वे दूसरों की ज्यादा से ज्यादा पतंगें काट सकें। साल 2017 में एनजीटी यानी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस मांझा पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। पर्यावरण विभाग के तहत 10 जनवरी 2017 को एक अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके अनुसार पतंगबाजी के लिए नायलॉन, प्लास्टिक और किसी भी तरह की सिंथेटिक सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके अलावा कांच, धातु या अन्य नुकीली चीजों से बने धागों पर भी पतंग उड़ाने पर रोक लगा दी गई है। नियम के मुताबिक, सूती धागे से बने धागों से पतंग उड़ाई जा सकती है, लेकिन इनमें भी किसी न किसी तरह का धागा होता है, तेज वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन नियमों का उल्लंघन कड़ी सजा के साथ दंडनीय है। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है तो उसे 5 साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक के जुर्माने से भी दंडित किया जा सकता है।

इतने सख्त नियम होने के बावजूद आज देश भर में में चीनी मांझा का कारोबार फलफूल रहा है। व्यवसायी कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं और इन घातक मांझा को लोगों को बेच रहे हैं, और खरीदने वालों की कोई कमी नहीं है। मांझा के व्यापारी पुलिस को चकमा देने के लिए हाईटेक तरीके अपना रहे हैं और इसके लिए फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह मांजा इतना खतरनाक होता है कि अगर तेज रफ्तार से चलने वाला व्यक्ति इसकी चपेट में आ जाए तो यह न केवल त्वचा या नसों को बल्कि उसकी मांसपेशियों को भी काटकर हड्डियों तक पहुंच सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद चीनी मांझे के पीड़ितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

कई राज्यों में राज्य सरकारों ने चाइनीज मांझे पर बैन लगा चुकी है और प्रशासन को कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। हर साल पंतग के सीजन के दौरान चाइनीज मांझे का जिक्र होता है पर बाद में लोग व शासन इसे भूल जाता है । कई लोगों का मानना है कि यह मांझा चीन से आता है और अब चीनी सामानों का बहिष्कार किया जा रहा है, इसलिए इस पर बैन लगाया गया है। जानकारों की मानें तो अब मांझा चीन से नहीं बल्कि तेज धार के साथ इंडिया में भी बन रहा है। सूत्रों का कहना है कि मुंबई में मांझे की फैक्ट्रियां नहीं हैं। मुंबई में बाहर से चोरी चुपके लाया जाता है। यह मांझा प्लास्टिक का बना होता है। काफी मजबूत है। चाइनीज मांझे को मेटलिक कोटिंग से तैयार किया जाता है। चाइनीज मांझे की कई वैरायटी बन रही हैं। इसे बनाने में अधिकतर केमिकल और अन्य धातुओं का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें शीशा, वज्रम गोंद, मैदा, एल्युमीनियम ऑक्साइड और जिरकोनिया ऑक्साइड शामिल है। इन सभी चीजों के मिक्स होने पर तेज धार वाला चाइनीज मांझा तैयार होता है। यह आसानी से टूटता नहीं है। इसमें ब्लेड जैसी धार होती है। वैसे बाजार में मिलने वाले सभी मांझे घातक होते हैं, लेकिन इनमें चाइनीज मांझा सबसे खतरनाक साबित है ।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# मोदी के दौरे से पहले अयोध्या में तैयारियां जोर-शोर पर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को अयोध्या का दौरा करने से पहले उत्तर प्रदेश के इस शहर को 'दिव्य रूप' देने के लिए फूलों से सजाया जा रहा है। पुनर्विकसित मार्ग 'राम पथ' के मध्य में स्थापित बिजली के सजावटी खंभों के चारों ओर नारंगी और पीले रंग के गेंदे के फूलों की माला लपेटी जा रही हैं। इन खंभों के शीर्ष पर बने डिजाइन धार्मिक प्रतीकों को दर्शाते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कई श्रमिक राम कथा पार्क में फूलों से कलात्मक आकार बना रहे हैं। सजावट के लिए भगवान राम, उनके धनुष एवं तीर, भगवान हनुमान, धार्मिक तिलक आदि की छवियों से प्रेरणा ली गई है।

शहर के विभिन्न हिस्सों की फूलों से सजावट में जुटे सीतापुर निवासी एक कर्मी ललित कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या 30 दिसंबर को ''भव्य'' दिखाई देगी। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मैंने फूलों से कई सजावटी डिजाइन बनाए हैं, जिनमें धनुष और तीर पकड़े हुए भगवान राम की पुष्प छवि भी शामिल है। इसे बनाने में 40 से 45 मिनट लगे और इसके लिए करीब सात से आठ किलोग्राम फूलों का इस्तेमाल किया गया।'' इन सजावटी संरचनाओं का उपयोग राम पथ, धर्म पथ, हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर सजावट के लिए किया जाएगा। सिंह ने कहा, ''सैकड़ों कर्मचारी सजावट के काम में जुटे हैं और लगभग 300 क्विंटल फूल कोलकाता, दिल्ली, गाजीपुर और अन्य स्थानों से लाए गए हैं।''

राम कथा पार्क के एक मंच पर श्रमिकों का एक समूह लकड़ी के तख्तों पर पुष्प से सजावट कर रहा है। एक डिजाइन में गेंदे के फूलों और पत्तियों का उपयोग करके बनाए गए 'धनुष और तीर' को दर्शाया गया है, दूसरे में भगवान राम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है। एक अन्य कर्मी ने बताया कि सजावट के लिए मुख्य रूप से गेंदे, गुलदाउदी, आर्किड और एन्थ्यूरियम के फूलों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को अयोध्या का दौरा करेंगे और वह इस दौरान वहां के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे, दो नई अमृत भारत व छह नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और नवनिर्मित अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। अयोध्या में इस समय एक भव्य राम मंदिर का निर्माण जारी है, जिसमें प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री भी शामिल होंगे। शहर में एक प्रमुख सड़क के किनारे 'सूर्य स्तंभ' स्थापित किए जा रहे है। शहर में बन रहे राम मंदिर और नए हवाई अड्डे की तस्वीरों वाले बड़े-बड़े पोस्टर जगह-जगह लगाए गए हैं जिन पर लिखे संदेशों में अयोध्या को ''मर्यादा, धर्म और संस्कृति'' का शहर बताया गया है।

# विपक्ष भले ही इसे वोट की निगाह से देखे, लेकिन राम मंदिर निर्माण बहुत बड़ी बात है : विजयवर्गीय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर। मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर उनके मंदिर के निर्माण को विपक्ष भले ही वोट की निगाह से देख रहा हो, लेकिन यह निर्माण हर भारतीय नागरिक के लिए बहुत बड़ी बात है। विजयवर्गीय ने इंदौर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यक्रम में कहा, ''अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण बड़ी बात है। विपक्ष भले ही इसे वोट की निगाह की देखे, पर यह प्रत्येक भारतीय के लिए बहुत बड़ी बात है।'

' उन्होंने कहा कि पिछले 500 साल में भगवान राम की मूर्ति को उनके जन्मस्थान पर पहुंचाने के लिए तत्कालीन राजाओं और अन्य लोगों ने बड़ा बलिदान दिया है।

भाजपा के पूर्व महासचिव ने कहा, ''महात्मा गांधी ने (देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान) अहिंसक आंदोलन की बात की थी। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महात्मा गांधी से बहुत प्रभावित हैं। प्रधानमंत्री ने राम मंदिर निर्माण का संकल्प अहिंसक तरीके से पूरा किया है।'' राम मंदिर निर्माण की पृष्ठभूमि में देश में धार्मिक मुद्दों को बहुत अधिक महत्व दिए जाने को लेकर कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर विजयवर्गीय ने कहा, ''पित्रोदा भारत की संवेदनाओं और आस्था को भला क्या समझेंगे? वह विदेश में बैठकर कांग्रेस के नेताओं को जो मार्गदर्शन दे रहे हैं, इसी मार्गदर्शन के चलते आज कांग्रेस बुरे हाल में है।''

विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश के युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने की जरूरत की रेखांकित करते हुए पंजाब का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, ''आज से 25-30 साल पहले पंजाब के नौजवान हर खेल में आगे रहते थे। ओलंपिक जैसी स्पर्धाओं में पंजाब के खिलाड़ी पदक जीतते थे। अब पंजाब बहुत पीछे चला गया क्योंकि वहां के नौजवान नशे की लत में फंस गए हैं।''

उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान ने भारत के पंजाब की युवा पीढ़ी को बर्बाद करने के लिए साजिश के तहत इस सूबे में नशीले पदार्थों का जाल फैलाया क्योंकि पंजाबी नौजवान बड़ी तादाद में भारतीय फौज में शामिल होते हैं।

## खरीददारी



हैदराबाद में कांग्रेस नेता विजया रेड्डी शुक्रवार को अमीरपेट मेट्रो स्टेशन पर गोल्ड एटीएम के शुभारंभ के दौरान सोने का सिक्का खरीदते हुए।

# चीन ने नौसेना कमांडर दोंग जून को अपना नया रक्षा मंत्री बनाया

बीजिंग। चीन ने बिना किसी स्पष्टीकरण के जनरल ली शांगफू को बर्खास्त करने के दो महीने बाद शुक्रवार को नौसेना कमांडर जनरल दोंग जून को अपना नया रक्षा मंत्री नामित किया। चीन की शीर्ष विधायिका नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) ने अक्टूबर में ली के निष्कासन की पुष्टि की थी। यहां आधिकारिक मीडिया ने बताया कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के कमांडर दोंग को एनपीसी की स्थायी समिति ने रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। मीडिया के मुताबिक, दोंग ने पीएलएएन के सभी प्रमुख नौसैनिक प्रभागों में काम किया है। हालांकि, उनकी उम्र की जानकारी नहीं दी गई है। हांगकांग से प्रकाशित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के मुताबिक, 2021 में नौसेना के शीर्ष कमांडर बनने से पहले दोंग ने उत्तरी समुद्री बेड़े में अपनी सेवा दी जो रूसी नौसेना के साथ नियमित युद्धाभ्यास करती है। उन्होंने पूर्वी समुद्री बेड़े में भी काम किया है जो जापान के साथ संभावित संघर्षों पर ध्यान केंद्रित करता है। दोंग ने दक्षिणी कमान थिएटर में भी अपनी सेवाएं दी है जिसके जिम्मे दक्षिण चीन सागर की सुरक्षा है।

# जयशंकर ने सेंट पीटर्सबर्ग में रबीन्द्रनाथ टैगोर के नाम पर बने स्कूल का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेंट पीटर्सबर्ग। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में नोबेल पुरस्कार विजेता महान साहित्यकार रबीन्द्रनाथ टैगोर के नाम पर स्थापित एक स्कूल का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। जयशंकर ने स्कूल के दौरे का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, ''सेंट पीटर्सबर्ग में गुरुदेव रबीन्द्रनाथ ठाकुर जी के नाम से जाने वाले विद्यालय, 653 का भ्रमण कर अत्यन्त प्रसन्नता हुई। भारत के प्रति उनका अनुराग वास्तव में मन को छू लेने वाला था। खुद ही देखिए। ''

वीडियो में भारतीय और रूसी पारंपरिक पोशाक पहने छात्र-छात्राओं को जयशंकर का स्वागत करते हुए देखा जा सकता है। उन्हें रूस का एक पारंपरिक व्यंजन भी पेश किया गया। जयशंकर ने स्कूल में स्थापित टैगोर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

नोबेल पुरस्कार विजेता रबीन्द्रनाथ टैगोर ने अपने जीवन का काफी समय रूस में बिताया था, जहां वे इसकी संस्कृति और साहित्यिक परंपराओं से प्रभावित हुए थे। उनकी यात्रा के दौरान लिखी गई उनकी पुस्तक 'लेटर्स ऑन रशिया' उस समय के सोवियत रूसी परिदृश्य का विशद वर्णन करती है। जयशंकर इस समय रूस की पांच-दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर बृहस्पतिवार शाम को एक अन्य पोस्ट में कहा कि उन्होंने सेंट पीटर्सबर्ग के गवर्नर अलेक्जेंडर बेगलोव से मुलाकात की तथा भारत और रूस के बीच आर्थिक सहयोग और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए दिए गए समर्थन की सराहना की। जयशंकर ने यहां पहुंचने से पहले राजधानी मॉस्को का दौरा किया जहां उन्होंने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव से भी मुलाकात की।



सूरत में शुक्रवार को एसजीसीसीआई गारमेंट एक्सपो 2023 में बच्चे फैशन के नवीनतम रुझानों का प्रदर्शन करते बच्चे।



# 'गन्स एंड गुलाब' के निर्माताओं ने किया सीरीज के दूसरे सीजन का ऐलान

मुंबई/एजेन्सी

राजकुमार राव, दुलकर सलमान, आदर्श गौरव और गुलशन देवैया अभिनीत कॉमेडी क्राइम थ्रिलर 'गन्स एंड गुलाब' के निर्माताओं ने सीरीज के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी है। निर्माता राज और डीके ने 'गन्स एंड गुलाब' के सीजन एक में अपनी सम्मोहक कहानी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। जहां 90 के दशक की अराजकता के बवंडर में प्यार, हंसी और पागलपन का टकराव होता है। निर्माताओं ने 'धोखा' ट्रैक के लिए एक म्यूजिक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें पाना टीपू (राजकुमार), फैमिली मैन अर्जुन (दुलकर), जुगनू (आदर्श) और गैंग की 'गन्स एंड गुलाब्स' में वापसी को दिखाया गया है।

फिल्म निर्माता जोड़ी राज निदिमोरु और कृष्णा डीके ने कहा, हमने हमेशा माना है कि 'गन्स एंड गुलाब' में मनोरंजन की जबरदस्त क्षमता है, और नेटफ्लिक्स के साथ हमें इसे लाने के लिए सही साझेदार मिले।''

उन्होंने कहा, हम पहले सीजन को मिले प्यार से अभिभूत हैं और दूसरे सीजन को लेकर उत्साहित हैं। हालांकि हम अभी विवरण गुप्त रखेंगे। 2023 में रिलीज हुआ पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

# मां सलमा आगा के नक्शेकदम पर चलना चाहती हैं ज़हरा खान

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस और सिंगर ज़हरा खान ने इस साल की अपनी यात्रा को याद करते हुए इसे 'अविश्वसनीय' बताया और कहा कि वह कैसे अपनी मां सलमा आगा की तरह सफल होना चाहती हैं। ज़हरा पाकिस्तानी सिंगर और एक्ट्रेस सलमा आगा की बेटी हैं, जिन्होंने 80 और 90 के दशक में पाकिस्तानी और भारतीय फिल्म उद्योग दोनों में काम किया था। ज़हरा के पिता रहमत खान एक स्क्रैश प्लेयर थे। सलमा को 'निकाह', 'ऊंचे लोग', 'जंगल की बेटी', 'पांच फौलादी' और अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। ज़हरा को 'कुसु कुसु' और 'डांस मेरी रानी' जैसे हिट गानों के लिए जाना जाता है। दिवा ने नए साल, आने वाले सालों के लिए योजना बनानी शुरू कर दी है।

ज़हरा ने कहा, मार्च 2021 में प्रोफेशनल प्लेबैक सिंगर के रूप में इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद से हर साल मैं आगे बढ़ी हूं। इस अनुभव के लिए मैं बेहद आभारी हूं। तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा, हर साल प्रोफेशनली रूप से ज्यादा शानदार रहा है। मुझे और ज्यादा काम करने का आशीर्वाद देने के लिए मैं ईश्वर की आभारी हूं।' ज़हरा ने शेयर किया कि उन्होंने जो कुछ भी चाहा था वह सहजता से साकार होता दिख रहा है, और वह यह देखने के लिए उत्साहित है कि 2024 में क्या होगा।

उन्होंने कहा, 'मैं मार्च तक अपनी फिल्म 'वृषभ' की शूटिंग पूरी करूंगी, इसकी रिलीज 2024 के अंत में होगी। मेरा लक्ष्य ऐसी स्क्रिप्ट पर काम करना है जो प्रत्येक फिल्म के साथ मेरा एक नया पक्ष प्रदर्शित करे। मेरी म्यूजिकल जर्नी इसी लक्ष्य के साथ चलती है। मुझे उम्मीद है कि एक एक्टर और सिंगर दोनों के रूप में मेरी मां ने जो हासिल किया वह हासिल कर सकूंगी।'



साल 2023 पर्सनली और प्रोफेशनली रूप से उनके लिए कैसा रहा, इस पर ज़हरा ने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय साल रहा है, जिसकी शुरुआत जनवरी की शुरुआत में एडवर्ड माया के साथ 'लव स्टीरियो' पर सहयोग के साथ हुई।

अक्षय कुमार, मौनी रॉय, दिशा पटानी, स्टेबिन, अपार और सोनम सहित एक उल्लेखनीय टीम के साथ मेरे पहले एंटरटेनर्स टूर पर निकलना आकर्षण था, जिससे अद्भुत दोस्ती को बढ़ावा मिला और मेरी लाइफ में पॉजिटिवी एनर्जी आई।' उन्होंने आगे कहा कि 'लव स्टीरियो' पर काम करना एक शानदार एक्सपीरियंस था, खासकर टाइगर श्रॉफ के साथ डांस करना। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही पैन इंडिया फिल्म 'वृषभ' में नजर आएंगी।

# फिल्म 'कृष्णा' की शूटिंग शुरू

मुंबई/वार्ता

टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्ट्री क्रिएशंस के बैनर तले बन रही फिल्म 'कृष्णा' की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म कृष्णा में प्रीति सिंह,अवधेश मिश्रा एवं संजय पाण्डेय मुख्य भूमिका में नज़र आने वाले हैं। फिल्म कृष्णा की शूटिंग गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन में चल रही है।

इस फिल्म को पराग पाटिल और आर आर प्रिंस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि निर्देशन आनंद सिंह कर रहे हैं। फिल्म कृष्णा को लेकर प्रीति सिंह उत्साहित हैं। फिल्म को लेकर उन्होंने कहा कि एक शानदार टीम के साथ मिलकर अच्छी पटकथा पर काम करना मेरा सपना रहा है।इसका मौका इस फिल्म से मुझे पराग पाटिल और



आर आर प्रिंस ने दिया है। फिल्म में मैं अपना बेस्ट दूं, यही मेरी कोशिश है।

वहीं, पराग पाटिल ने कहा कि फिल्म 'कृष्णा' का निर्माण हम भव्यता के साथ बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। उम्मीद है दर्शकों यह फिल्म पसंद आएगी। इस बार दर्शक इस फिल्म में मुझे निर्देशन में नहीं पायेंगे, लेकिन विश्वास दिलाता हूं कि आनंद सिंह के निर्देशन में यह फिल्म बेहतरीन बनेगी। फिल्म में प्रीति सिंह एक महत्वपूर्ण भूमिका में नज़र आएंगी। अभी हम लोगों ने फिल्म की शूटिंग कर दी है। वहीं, आर आर प्रिंस ने कहा कि यह फ़िल्म टेक्निकल रूप से बहुत उम्दा फ़िल्म बन रही है।

फिल्म 'कृष्णा' के लेखक प्राणनाथ, डीओपी सूरज यादव हैं। संगीतकार साजन मिश्रा, डांस मास्टर कानू मुखर्जी हैं। इस फ़िल्म में विमल पांडेय, प्रीति सिंह, संजय पांडेय, अवधेश मिश्रा, विनोद मिश्रा, बीना पांडेय, संजीव मिश्रा, निशा तिवारी समेत कई कलाकार नजर आएंगे।

# चार दिन से अस्पताल में भर्ती हैं हिना खान, स्वयं ने दिया अपडेट

मुंबई/एजेन्सी

हिना खान की तबियत खराब है और वो हॉस्पिटल में एडमिट हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। हिना ने बताया कि उन्हें तेज बुखार है, जिसकी वजह से उन्हें एडमिट होना पड़ा। इसी के साथ हिना ने फैंस को हेल्थ अपडेट देते हुए कहा कि वो जल्द ही ठीक हो जाएंगी। हिना ने इंस्टाग्राम पर दो फोटो शेयर की हैं। एक फोटो में हिना हॉस्पिटल के बेड पर बैठी हुई दिख रही हैं। फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- लाइफ अपडेट. चौथा दिन।

वहीं दूसरी फोटो में हिना ने थर्मामीटर की फोटो शेयर की, जिसमें उनका बॉडी टेंपरेचर 102 दिखा रहा है। इस फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- मुझे तेज बुखार है और पिछली चार रातें मेरी बहुत खराब निकलीं। ये टेंपरेचर नीचे ही नहीं जा रहा है। लगातार 102-103 पर बना है। अब एनर्जी नहीं बची है। साथ ही हिना ने लिखा- जो लोग मेरे लिए चिंतित हैं, उन्हें



बता दूं कि मैं जल्द ही बाउंस बैक करूंगी।

हिना खान को शो ये रिश्ता क्या कहलाता है कि वजह से नेम-फेम मिला था। इस शो ने उन्हें रातोंरात फेमस कर दिया था। हिना लंबे समय तक शो का हिस्सा रही थीं। इस शो के बाद हिना को बिग बॉस में देखा गया था। बिग बॉस से भी हिना ने खूब नाम कमाया। हिना का फैशन सेंस भी चर्चा में रहा था। बिग बॉस के बाद हिना को नागिन सीरीज में भी देखा गया था। हिना की एक्टिंग को फैंस काफी पसंद करते हैं। हिना ने बॉलीवुड में भी डेब्यू कर लिया है। वो विक्रम भट्ट की फिल्म हैक्ड में नजर आई थी।

# 'जय संतोषी मां' में आएंगी रानी चटर्जी

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्म जय संतोषी मां में काम करती नजर आयेगी। रेणु विजय फिल्म एंटरटेनमेंट और प्राइड ऑफ एशिया फिल्म्स के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म जय संतोषी मां की शूटिंग संपन्न हो गयी। इस फिल्म में रानी चटर्जी,जय यादव,मनोज टाइगर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्माता निशांत उज्ज्वल,धर्मेंद्र के मेहरा और निर्देशक रवि सिन्हा हैं।

निशांत उज्ज्वल ने बताया कि फिल्म जय संतोषी मां एक पारिवारिक और धार्मिक कहानी से प्रेरित फिल्म है, जिसका निर्माण हम लोगों ने वर्तमान समय के हिसाब से किया हैं। इस फिल्म में रानी चटर्जी की भूमिका बेहद अहम है, वहीं जय यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे।हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म बनाएं जो मनोरंजन के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक समृद्ध विरासत से दर्शकों रूबरू हो सके। यह फिल्म एक घटना पर आधारित है जिसमें मां संतोषी की परंपरा महिमा को भी प्रदर्शित किया जाएगा। अभी फिल्म की कहानी रिवील नहीं कर सकते लेकिन इतना तय है कि हम इस फिल्म के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।

वही रानी चटर्जी ने कहा कि वह फिल्म जय संतोषी मां को लेकर वह एक्साइटेड हैं। फिल्म में उनका महत्वपूर्ण किरदार है, जिसकी तैयारी उन्होंने खूब की है। रानी चटर्जी ने बताया कि फिल्म के संवाद और गाने भी इतने शानदार होंगे कि दर्शक इसे खुद को जोड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को एक अलग ही



अप्रोच के साथ बनाया गया है। मुझे फिल्म में काम करके खूब मजा आया है और यह फिल्म जब पर्दे पर रिलीज होगी तब दर्शकों को भी इसे खूब मनोरंजन मिलेगा। निर्देशक रवि सिन्हा इंडस्ट्री के मंझे हुए निर्देशकों में से हैं उनके साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है।

फ़िल्म जय संतोषी मां में मुख्य भूमिका रानी चटर्जी,जय यादव,मनोज टाइगर के साथ नीतिका जायसवाल,सुषमा मिश्रा, रंभा सहनी, मोहन कुमार,परितोष कुमार,रजनीश पाठक,सुजान सिंह,राकेश दुबे,प्रिया शर्मा,पूनम और प्रियांशु सिंह है। फ़िल्म के सह निर्माता डॉ संदीप उज्ज्वल,सुशांत उज्ज्वल है।गीत प्यारे लाल यादव ने लिखे है।संगीत निर्देशक रजनीश मिश्रा,भरत चौहान,नृत्य निर्देशक पप्पू खन्ना,डीओपी मनोज कुमार है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के शंकरपुरम स्थित बीबीयूएल जैन विद्यालय में 40वां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष चम्पालाल भंडारी, सचिव कांतिलाल जैन,प्राचार्य अनिता कश्यप, उपप्राचार्य वीएन वाणी ने कुवेम्पु कलाक्षेत्र में दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव की शुरुआत की।

# केयुप वार्षिक कैलेंडर 2024 का व्यापक वितरण शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। चेन्नई में विराजित आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी के सान्निध्य में केयुप कैलेंडर 2024 का विमोचन अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों ने किया। कैलेंडर में वर्ष पर्यंत पाक्षिक पक्खी पर्व, तिथि वृद्धि और तिथि क्षय, शुभ दिन, लिलोत्री त्याग दिवस, दिन व रात के चौघड़िया, जैन तीर्थंकर कल्याणक, खरतरगच्छ आचार्यों की पुण्यतिथि, देशभर के कई दादावाड़ी के वर्षगाँठ संबंधी जानकारियों का समावेश है। बेंगलूरु युवा परिषद सचिव कल्पेश लुंकड ने कहा कि नववर्ष के



अवसर पर संघवी माणकचंद वरदीचंद ललवानी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित इस बहुरंगी कैलेंडर का प्रकाशन करवाया गया है जिसकी हज़ारों प्रतियां श्रद्धालुओं को पूरे देश में वितरित की जाएगी।





# बीबीयूएल जैन विद्यालय के 40 वार्षिकोत्सव में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शंकरपुरम स्थित बीबीयूएल जैन विद्यालय में 40वां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष चम्पालाल भंडारी, सचिव कांतिलाल जैन,प्राचार्य अनिता कश्यप, उपप्राचार्य वीएन वाणी ने कुवेम्पु कलाक्षेत्र में दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव की शुरुआत की। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के जाने माने हृदयरोग विशेषज्ञ व पूर्व छात्र डॉ योगेश कोठारी ने नर्सरी से लेकर छठी कक्षश के विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस सत्र में विशेषकर देशभक्ति गीत व कर्नाटक के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसे सभी ने खूब सराहा।

दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में गायिका पृथ्वी भट्ट ने इस सत्र की शुरुआत की। विद्यार्थियों को उनकी सहपाठ्यचर्या गतिविधियों के लिए पुरस्कार दिए गए । विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से एकता व एकजुटता की सीख दी। विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नृत्य व नाटक आदि अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया। इस मौके पर विद्यार्थियों के अभिभावक व समाज के लोग उपस्थित थे।

## सम्मान



बेंगलूरु के महाराणा प्रताप मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्रसिंह कुंपावत, खागा के बिशनसिंह राजपुरोहित, राजनेता भेरुसिंह राजपुरोहित, प्रकाश सेन आदि ने कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के नए अध्यक्ष दिलीप जैन व उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी का सम्मान किया तथा नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।





# आदर्श कॉलेज में वार्षिक एथलेटिक मीट, विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी शारीरिक कौशलता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के आदर्श कॉलेज के शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन जयनगर स्थित एक स्टेडियम में किया गया। इस मौके पर शेषाद्रिपुरम ग्रुप के इंस्टीट्यूशंन के शारीरिक शिक्षा निदेशक और एनसीसी अधिकारी कैप्टन चिक्का रंगास्वामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श ग्रुप के अध्यक्ष पदमराज मेहता, सचिव जितेन्द्र मरड़िया, अकादमिक प्रमुख मनोज जैन, प्राचार्य डॉ एस प्रशांत, आदर्श इवनिंग कॉलेज के प्राचाय. दीक्षित योगेश आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कैप्टन चिक्का रंगास्वामी ने वार्षिक एथलेटिक मीट का उद्घाटन किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। जितेन्द्र मराडिया ने कहा कि खेलभावना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मशाल का उदाहरण देकर विद्यार्थियों में खेल भावना जागृत की। कार्यक्रम में पी.यू. और डिग्री कॉलेज के अनेक विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. एस. प्रशांत ने विजेताओं को बधाई दी। एथलेटिक मीट के अंत में पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# भारतीय मूल के उद्यमी को 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' से सम्मानित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ओटावा। भारत में जन्मे उद्यमी फिरदौस खरास को मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए देश के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' के एक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्ष 2023 के लिए 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' की नियुक्तियों की वार्षिक सूची कनाडा की गवर्नर जनरल मैरी साइमन ने बृहस्पतिवार को जारी की। 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह समाज के सभी क्षेत्रों के उन लोगों को मान्यता देता है, जिन्होंने कनाडा में असाधारण और निरंतर योगदान दिया है। साइमन ने 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' में 78 नई नियुक्तियों की घोषणा की, जिनमें तीन 'कम्पैनियन', 15 अधिकारी, एक मानद अधिकारी और 59 सदस्य शामिल हैं।

खरास (68) को ''एक सामाजिक उद्यमी, मानवतावादी और जन संचार मीडिया निर्माता के रूप में मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए'' 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' का अधिकारी नियुक्त किया गया। खरास ने एक बयान में कहा, ''मैं इस उच्च सम्मान को पाकर बहुत अभिभूत हूं, जो खासकर एक प्रवासी के रूप में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। भले ही पारसी समुदाय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन कनाडा में उनकी संख्या बहुत कम यानी मात्र 3,600 है, इसलिए इस प्रकार का सम्मान मिलना बहुत ही संतोषजनक है।''

# परिवर्तन तो समय का स्वभाव है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक से चातुर्मास सम्पन्न कर गुजरात की ओर विहाररत साध्वी भव्यगुणाश्री ने रास्ते में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि साध्वी भव्यगुणा श्री ने कहा कि बड़े पलों का क्यों करें वेट, छोटे पल भी होते हैं ग्रेट,रास्ता चाहे कोई भी हो कोई तो परेशानी रहेगी ही, परेशानी चाहे कैसी भी हो कोई तो रास्ता निकलेगा ही। हर किसी की जिंदगी में समस्याएं है, लेकिन इंसान केवल खुद की समस्या को ही सबसे ज्यादा और बड़ी समझता है। उन्होंने कहा कि

कुछ पा लेना जीत नहीं और



कुछ खो देना हार नहीं, केवल समय का प्रभाव है और परिवर्तन तो समय का स्वभाव है। साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि उदय किसी का भी अचानक नहीं होता, सूर्य भी धीरे - धीरे निकलता है और ऊपर उठता है। संसार को वही प्रकाशित कर सकता है, जिसके भीतर धैर्य व तपस्या हो। पारस भंसाली ने बताया कि साध्वीवृंदों की 31 दिसम्बर तक कोल्हापुर पहुँचने की संभावना है।

## सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूरु जीतो के सदस्यों ने शुक्रवार को सुबह देवराज बाजार में रोड पर रेहड़ी लगाने वाले जरुरतमंदों को छाया छतरी वितरित की गई। छाया छतरी मिलने वाले लाभार्थियों ने जीतो के इस कार्य की सराहना की। नेमीचंद श्रीमाल परिवार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में जीतो मैसूरु के अध्यक्ष कांतिलाल जैन, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, पीआरओ रमेश नवलखा, सहकोषाध्यक्ष नेमीचन्द श्रीमाल, पूर्व उपाध्यक्ष प्रकाश दक आदि उपस्थित थे।

## ठंड



श्रीनगर में शुक्रवार की ठंडी और कोहरे भरी सुबह में लोग अलाव का सहारा लेते हुए।

# मानव जीवन के लिए मार्गदर्शन होता है संतों का जीवन : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिरालकोप्पा। शहर के आदिनाथ जैन संघ के तत्वावधान में संत के दर्शनार्थ उपस्थित श्रदालुओं को संबोधित करते हुए आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि जिन शासन में कथित स्थावर तीर्थ की यात्रा और भक्ति करके खुश हो जाना या फिर संतुष्ट हो जाना इसमें जंगम, तीर्थ की अल्पोक्ति हो जाती है क्योंकि जितनी महिमा स्थावर तीर्थ की है उत्तनी ही महिमा जंगम तीर्थ की भी है। जंगम तीर्थ रुप साधु के सान्निध्य और दर्शन से भी हमें



अलौकिक आनंद की अनुभूति होती है। धर्म आराधना में जोश और गति मिलती है। प्रमाद दूर होता है। साधु का जीवन जीवन का मार्गदर्शन करता है अतः साधु के दर्शन वंदन भक्ति एक बार नहीं अनेक बार कीजिए। कालिकाल में असंभव जैसी साधना और त्याग का व्यक्ति को दर्शन होगा। इस विहार के दौरान संतश्री महासेनसूरीश्वरजी व आचार्यश्रक्ष महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी आदि मुनि का आध्यात्मिक मिलक हुआ।



# हनुमंतनगर में साध्वीश्री विजयलता देंगी नववर्ष महामांगलिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में नववर्ष महामांगलिक, नवीनीकृत स्थानक भवन एवं चातुर्मास 2024 की तैयारी हेतु कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने सभी का स्वागत किया। मंत्री सुरेश धोका ने चातुर्मास हेतु चल रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2024 का चातुर्मास लगभग तय है, नववर्ष महामांगलिक साध्वीश्री विजयलताजी द्वारा दी जाएगी। ट्रस्ट के मंत्री उत्तमचंद बोहरा ने कहा की स्थानक भवन का कार्य गतिमान है एवं उद्धघाटन हेतु विधायक रवि सुब्रमण्यम को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष हुकमीचंद बाफना, पारसमल दुगड़, नेमीचंद दक, सहमंत्री संजय सिंघवी, रमेश गुंदेचा, रोशनलाल बाफना, कोषाध्यक्ष धनराज मुथा एवं संघ अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। धन्यवाद सहमंत्री रोशनलाल बाफना ने दिया।

# भारत के साथ सैन्य संबंध के दायरे का आधुनिकीकरण कर रहे : अमेरिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

न्यूयॉर्क। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता लाने के मकसद से 2023 में अपने सहयोगियों के साथ सहयोग एवं ''अभूतपूर्व'' उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका ने भारत के साथ अपने सैन्य संबंधों के दायरे को आधुनिक बनाया है और रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण संबंधी उसकी योजनाओं को बढ़ावा दिया है। पेंटागन ने दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक कदमों के बीच कहा कि अमेरिका अत्याधुनिक सैन्य क्षमताओं को तैनात कर रहा है और भविष्य में हिंद-प्रशांत में प्रतिरोध बनाए रखने के लिए आवश्यक क्षमताएं विकसित कर रहा है।

अमेरिका ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मालाबार अभ्यास का भी उदाहरण दिया जो पहली बार इस साल ऑस्ट्रेलिया में किया गया था और इस दौरान ''पनडुब्बी रोधी अभ्यास, संचार और वायु रक्षा में उच्च-स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया।'' तथ्य पत्र में अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के हवाले से कहा गया, ''इस निर्णायक दशक में 2023 को एशिया में अमेरिकी रक्षा रणनीति को लागू करने के लिए एक निर्णायक वर्ष के रूप में याद किया जाएगा।'' इसमें कहा गया है कि 2023 में ऑस्टिन ने हिंद-प्रशांत की चार यात्राएं कीं और क्षेत्र के आठ देशों का दौरा किया।

# जैन धार्मिक वार्षिक परीक्षा 7 जनवरी को

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ द्वारा संचालित 'स्थानकवासी जैन धार्मिक परीक्षा बोर्ड'' की वार्षिक परीक्षा रविवार को सम्पन्न होगी। परीक्षा आयोजन हेतु शहर के जैन स्थानकों व भवनों में कुल 20 केन्द्र स्थापित किए गए है। इसके अलावा मैसूरु, मंडया,पांडवपुरा, केजीएफ, दोड्डबल्लापुर, हिरीयूर, सेलम आदि में भी केन्द्र बनाए गए है। देश भर में कुल 27 केन्द्रों पर लगभग 900 से 1000 विद्यार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। स्वाध्याय संघ संयोजक शांतिलाल बोहरा, परीक्षा चेयरमैन सुमेरसिंह मुणोत, पाठशाला चेयरमैन दिनेशकुमार खींचा के निर्देशन में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है ।



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम के राजभवन में नव-शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रियों कदन्नप्पल्ली रामचंद्रन और केबी गणेश कुमार के साथ।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com